CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






## बंगाल चुनाव : रिजल्ट से पहले कोलकाता में बवाल, ईव्हीएम स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर पहुंचीं सीएम ममता; टीएमसी ने ईसी को बताया 'कठपुतली'

कोलकाता। बंगाल में मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के अगले दिन कोलकाता के खुदीराम अनुशीलन केंद्र में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में कथित छेड़छाड़ के आरोपों को लेकर गुरुवार को वहां जबर्दस्त उत्तेजना फैल गई।

स्ट्रॉन्ग रूम में बाहरी लोगों के कथित रूप से घुसने और ईवीएम से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी व पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष और मंत्री व प्रत्याशी शशि पांजा शाम में खुदीराम अनुशीलन केंद्र के बाहर धरने पर बैठ गए। देखते ही देखते वहां तृणमूल और भाजपा कार्यकर्ताओं की भी भारी भीड़ जुट गई और दोनों तरफ से नारेबाजी शुरू हो गई। बाद में पुलिस व भारी संख्या में पहुंचे केंद्रीय बल ने हस्तक्षेप कर धरना दे रहे तृणमूल नेताओं को कई घंटे बाद रात करीब साढ़े नौ बजे वहां से हटा दिया।

### स्ट्रॉन्ग रूम के अंदर बाहरी लोगों की आवाजाही

कुणाल घोष और शशि पांजा कई घंटों से धरना दे रहे थे। दोनों नेताओं का आरोप था कि सील किए गए स्ट्रॉन्ग



रूम के भीतर बाहरी लोगों की आवाजाही हो रही है और पोस्टल बैलेट में गड़बड़ी की आशंका जताई। उन्होंने अंदर जाकर स्थिति की जांच करने की मांग की, लेकिन सुरक्षा नियमों का हवाला देकर उन्हें अनुमति नहीं दी गई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए

माहौल तब गरम हो गया जब तृणमूल नेताओं के धरने देने की खबर पाकर भाजपा प्रत्याशी तापस राय और संतोष पाठक भी वहां पहुंचे। उनके पहुंचते ही तृणमूल समर्थकों ने उन्हें घेरकर जय बांग्ला के नारे लगाए, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाकर जवाब दिया। इससे माहौल और गरमा गया और स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। इससे वहां व्यापक उत्तेजना फैल गई।

### स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर मजबूत बैरिकेडिंग

भाजपा प्रत्याशियों ने स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर धरना व बड़ी संख्या में तृणमूल समर्थकों की मौजूदगी पर सवाल उठाए। इसको लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ उनकी काफी बहस हुई। बाद में बड़ी संख्या में पुलिस बल और केंद्रीय बल वहां पहुंचकर सभी को हटाया और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर मजबूत बैरिकेडिंग कर दी है। बताते चलें कि खुदीराम अनुशीलन केंद्र में उत्तर कोलकाता की सात विधानसभा सीटों का स्ट्रॉन्ग रूम बनाया गया है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी रात करीब आठ बजे भवानीपुर के शेखावत मेमोरियल स्कूल में बनाए (शेष पृष्ठ 7 पर...)

## मां, माटी और मानुष की सरकार बना रहे हैं: रिकॉर्ड वोटिंग के बाद ममता का पहला बयान

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में रिकॉर्ड मतदान के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि मां, माटी और मानुष की सरकार एक बार फिर बनने जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी 226 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। साथ ही उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से स्ट्रॉग रूम की दिन-रात रखवाली करने के लिए भी कहा है। बता दें कि सीएम ममता ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में मुख्यमंत्री ममता ने जनता को संबोधन करते हुए आभार जताया और चुनाव प्रक्रिया के दौरान हुए घटनाक्रम पर गंभीर आरोप लगाए।



कहा- 226 सीटें जीतेंगे

### मतदाताओं का जताया आभार

सीएम ममता ने कहा, बंगाल के मां, माटी, मानुष को बहुत-बहुत धन्यवाद। आप सभी लोग अच्छे से रहे हैं और स्वस्थ रहें। आप सबके प्रति मैं कृतज्ञ हूं क्योंकि इतनी धूप में और इतने अत्याचार झेलकर आप लोगों ने जिस हिसाब से वोट दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं। मैं अपने कर्मियों का भी आभार जनाती हूं जिन्होंने तमाम अत्याचार को बर्दास्त करके, ना सिर्फ सेंट्रल फोर्स बल्कि यहां के फोर्स का भी अत्याचार सहन करके अपने काम किया। सीएम ममता ने आगे कहा, मैं जब तक प्रेस कॉन्फ्रेंस न कर लूं, काउटिंग एरिया को छोड़कर कोई न जाए। यह भी ध्यान रखना है कि ईवीएम की काउंटिंग के बाद उसका डाटा कम्प्यूटर में सही लिखा जा रहा है कि नहीं। ऐसा भी हो सकता है कि टीएमसी के नंबर भाजपा में जोड़ दिए जाएं। उन्होंने कहा, भारत सरकार की पूरी मशीनरी, प्रधानमंत्री-गृह मंत्री से लेकर 19 भाजपा शासित राज्यों के नेताओं ने बंगाल के लोगों को कब्जाने की कोशिश की। मैं यह बताती हूं कि (शेष पृष्ठ 7 पर...)

## जबलपुर क्रूज हादसा : बरगी डैम में नाव डूबी, 40 सवार; 6 की मौत, 19 रेस्क्यू, कई लापता, सीएम ने जताया शोक

जबलपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर में बरगी डैम पर गुरुवार शाम बड़ा हादसा हुआ। नर्मदा नदी में पर्यटकों से भरा क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूब गया। अब तक 6 शव बरामद किए गए हैं, जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। रेस्क्यू करके 19 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है, जबकि 15 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। बरगी सिटी के सीएसपी अंजुल मिश्रा के अनुसार, मध्यप्रदेश पर्यटन के क्रूज में करीब 40 लोग सवार थे। मौसम बिगड़ने के बाद कुछ ही मिनटों में नाव असंतुलित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अंधेरा और तेज हवा राहत कार्य में बाधा डाल रहे हैं। स्थिति अभी भी गंभीर है। लापता लोगों की तलाश जारी है, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।



### सीएम मोहन यादव ने जताया दुख

जबलपुर के बरगी बांध में हुए इस दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा- इस दर्दनाक हादसे में हुई जनहानि अत्यंत पीड़ादायक है। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और परिजनों को इस कठिन घड़ी में धैर्य दे। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4 लाख की आर्थिक सहायता देने के निर्देश भी दिए हैं। जानकारी के अनुसार यह नाव पर्यटकों को घुमाने के लिए डैम में निकली थी। तभी संतुलन बिगड़ने से नाव पलट गई। हादसे के बाद तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। कई लोगों ने तैरकर अपनी जान बचाई। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई लोग अभी भी लापता हैं। बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे के पीछे खराब मौसम अहम वजह माना जा रहा है। यह प्रत्यक्षदर्शियों के (शेष पृष्ठ 7 पर...)

## दुर्ग में ईडी की कार्रवाई: इंफ्रा कारोबारी चतुर्भुज राठी के ठिकाने पर छापा

दुर्ग। प्रदेश में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सक्रियता देखने को मिली है। एजेंसी की टीम ने दुर्ग स्थित महेश कॉलोनी में भाजपा से जुड़े कारोबारी चतुर्भुज राठी के निवास पर छापेमारी की कार्रवाई की। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई भारतमाला परियोजना से जुड़े संभावित वित्तीय अनियमितताओं के संदर्भ में की गई है। हालांकि, ईडी की ओर से फिलहाल आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है। चतुर्भुज राठी अमर इंफ्रा (अमर बिल्डर्स) के संचालक हैं, जो एक प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के रूप में जानी जाती है। बताया जाता है कि उन्होंने वर्ष 1986 में एकल स्वामित्व से व्यवसाय की शुरुआत की थी, जिसके बाद कंपनी ने निर्माण क्षेत्र में विस्तार करते हुए विभिन्न बड़ी परियोजनाओं में काम किया।



हाल के समय में उनके कोयला कारोबार में भी सक्रिय होने की चर्चा है। ईडी की इस कार्रवाई के बाद स्थानीय स्तर पर हलचल तेज हो गई है। मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## आज से शुरू होगा सुशासन तिहार 2026 : 01 मई से 10 जून तक प्रदेश भर में चलेगा अभियान

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए ÷सुशासन तिहार 2026÷ की शुरुआत आज से होने जा रही है। यह अभियान 10 जून 2026 तक प्रदेशभर में चलाया जाएगा, जिसके तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण ही सुशासन की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आमजन को पारदर्शी, सरल और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।




**पहले चरण में लंबित मामलों के निराकरण पर जोर:** अभियान के पूर्व चरण में ही कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि 30 अप्रैल तक सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित करें। इसमें- नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों का निराकरण होगा। मनरेगा के लंबित मजदूरी भुगतान होगा। हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित भुगतान व आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनेगा। बिजली, ट्रांसफार्मर और पेयजल (हैंडपंप) समस्याएं के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान रखा जाएगा, साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत और सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**प्रदेशभर में लगेंगे समाधान शिविर:** सुशासन तिहार के तहत 1 मई से 10 जून तक शिविर लगेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 15-20 ग्राम पंचायतों के समूह में शिविर होगा। वहीं शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर आधारित आयोजन रहेगा। मौके पर ही आवेदन स्वीकार और लाभ वितरण होगा। अधिकतम एक माह में आवेदनों का निराकरण होगा। शिविरों में शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी और प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी।

**जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और सीधा संवाद:** अभियान के दौरान मंत्रीगण, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव और प्रभारी सचिव समय-समय पर शिविरों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं विभिन्न जिलों का दौरा कर विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे। हितग्राहियों से सीधा फीडबैक लेंगे। जिला स्तर पर समीक्षा बैठकें (शेष पृष्ठ 7 पर...)

## मनमाने हवाई किराये पर सुप्रीम कोर्ट सख्त: सरकार से कहा- तीन बार समय दिया, फिर हलफनामा क्यों नहीं आया?

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। दरअसल, सरकार ने उस याचिका पर अपना हलफनामा अब तक दाखिल नहीं किया, जिसमें देश के निजी की ओर से लगाए जाने वाले हवाई किराये और अन्य शुल्कों में अचानक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए दिशानिर्देश देने की मांग की गई थी।



जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने केंद्र से कहा कि वह एक आवेदन के साथ हलफनामा दाखिल करे और बताए कि अब तक हलफनामा क्यों नहीं दिया गया और और समय क्यों मांगा जा रहा है। पिछले साल 17 नवंबर को कोर्ट ने केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से एक याचिका पर जवाब मांगा था। यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता एस. लक्ष्मीनारायणन ने दायर की थी, जिसमें मांग की गई थी कि एक मजबूत और स्वतंत्र नियामक संस्था बनाई जाए जो विमानन क्षेत्र में पारदर्शिता और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।


### आज मामले की सुनवाई में क्या हुआ?

गुरुवार की सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि केंद्र ने अभी तक जवाब दाखिल नहीं किया है। केंद्र के वकील ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति का हवाला दिया। इस पर कोर्ट ने पूछा कि आखिर ऐसा क्या है जो आपको हलफनामा दाखिल करने से रोक रहा है? केंद्र के वकील ने कहा कि नियम बनाने पर विचार चल रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप हलफनामा दाखिल करें और सब कुछ रिकॉर्ड में रखें। तीन बार समय दिया जा चुका है, फिर भी हलफनामा क्यों नहीं आया? केंद्र ने तीन हफ्ते का समय मांगा, लेकिन कोर्ट ने यह मांग स्वीकार नहीं की और कहा कि हलफनामा अगले सप्ताह तक देना होगा। इससे पहले 23 फरवरी को केंद्र ने कोर्ट (शेष पृष्ठ 7 पर...)




## बंगाल में बड़ा उलटफेर! एग्जिट पोल में बीजेपी को 192 सीटों का अनुमान

नई दिल्ली। पांच राज्यों- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव 2026 की वोटिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. अलग-अलग चरणों में हुए मतदान में करोड़ों मतदाताओं ने हिस्सा लिया और अब सभी की नजरें एग्जिट पोल पर टिकी हुई हैं. चुनाव प्रक्रिया खत्म होने के बाद आज शाम इन सभी राज्यों के एग्जिट पोल के नतीजे सामने आने शुरू होंगे. ये एग्जिट पोल आधिकारिक नतीजों से पहले एक शुरुआती तस्वीर पेश करते हैं, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस राज्य में किस पार्टी को बढ़त मिल रही है.




CMYK

# जिला चिकित्सालय में निगम का वाटर कुलर उगल रहा गरम पानी

## शीतल जल के लिए तरस रहे हास्पीटल आने वाले लोग, रोगी व उनके परिजनों को हो रही दिक्कतें

राजनांदगांव(दावा)। शहर के जिला चिकित्सालय बसंतपुर में चिकित्सा संबंधी सुविधाएं बढ़ती जा रही है। यहां शीघ्र ही डायलिसिस मशीन व एवं लगभग 140 प्रकार बायो केमिस्ट्री जांच की सुविधा उपलब्ध होने वाली है, लेकिन भीषण गर्मी के दिनों में अस्पताल आने वाले लोगों के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने में फिसड्डी साबित हो रहा है। जिला चिकित्सालय के प्रवेश द्वार के समीप निगम द्वारा लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने लगाए गए वाटर कूलर शीतल जल के बजाय गरम पानी उगल रहा है। बताया गया था कि, उक्त वाटर कूलर में एक रुपए डालने पर शीतल जल उपलब्ध होगी। जबकि जिला अस्पताल के वाटर कूलर में ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। उक्त डिब्बे नुमा कथित वाटर कूलर (जलघर) में एक सामान्य सा प्लास्टिक का नल लगा कर लोगों को गर्मा-गरम पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### काफी दिनों तक बंद पड़ा रहा वाटर कूलर मशीन

वैसे बता दें कि, हास्पीटल के प्रवेश द्वार के समीप लगे नगर निगम का वाटर कूलर मशीन सालों तक बंद पड़ा रहा। भीषण गर्मी लगने पर निगम द्वारा इसकी सुधि ली गई। अब जब इसे फिर से चालू कराया गया है तो चालू कराना व नहीं कराना एक ही जैसे साबित हो रहा है। उक्त कथित वाटर




कूलर लोगों को शीतल जल के बजाय गर्म पानी परोस रहा है। वैसे बता दें कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा भीतरी भाग में हास्पीटल आने वाले लोगों की सेवा के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है लेकिन वहां भी हालात वैसे ही बने हुए हैं। वाटर कूलर के नाम पर सामान्य नल से लोगों को गरम पानी परोसा जा रहा है। इससे भीषण गर्मी के दौर में लोगों को ठंडा पानी के लिए बाहर भटकना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीज व उनके परिजन ठंडे पानी के लिए तरस रहे हैं। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ महेंद्र प्रसाद ने बताया कि, भीषण गर्मी के चलते वाटर कूलर के ऊपर की टंकी गर्म हो जा रही है। उक्त पानी कुलर मशीन में आने पर ठंडा नहीं हो पा रहा इससे नलों में गरम पानी आ रहा है।

### शीतल पेयजल के लिए भटक रहे लोग

बताते चलें कि राजनांदगांव जिला इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। तापमान का पारा 45 डिग्री के आसपास बना हुआ है। भीषण गर्मी के कारण प्यास के मारे लोगों का गला सूखा जा रहा है। ऐसे समय में प्यासे कंठों को शीतल जल पिलाने की आवश्यकता है लेकिन देखा जा रहा है कि वाटर कूलर ठंडा पानी के बजाय गर्म पानी उगल रही है। चिकित्सालय परिसर में निगम व अस्पताल प्रबंधन की ओर से उपलब्ध कराए गए वाटर कूलर जहां गरम पानी उगल रहा है वहीं समाज सेवी संस्था समता मंच व सिधी समाज द्वारा भीतर की ओर वाटर कूलर लगाया गया है लेकिन इन दोनों वाटर कूलर में लोगों को एकदम चिल्ड वाटर उपलब्ध हो रहा जबकि गर्म पानी उगल रहा निगम का वाटर कूलर सिर्फ दिखावे के लिए साबित हो रहा है। अभी पूरे मई और जून माह की भयानक गर्मी बांकी है। ऐसे हालात में जिला चिकित्सालय आने वाले लोगों के लिए शीतल जल उपलब्ध कराने हास्पीटल के वाटर कूलर को ठीक करवा कर लोगों को शीतल जल चिल्ड वाटर उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

# बोर्ड परीक्षा में कॉमर्स क्लब के विद्यार्थियों ने बाजी मारी

**राजनांदगांव (दावा)। हर साल की तरह इस साल भी कॉमर्स क्लब (कॉमर्स × कंप्यूटर क्लासेस) के विद्यार्थियों ने बाजी मार कर अपने क्लब का नाम रौशन किया। बता दें कि कॉमर्स क्लब में हर साल विद्यार्थियों को सभी विषयों का अध्ययन करवाया जाता है जिससे उनके सफल होने के रास्ते खुल जाते हैं।**



यहां अध्ययन रत विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लाकर बोर्ड परीक्षा में इस साल भी सफलता प्राप्त की है और अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का मान सम्मान बढ़ाया है। सफलता के हर रास्ते में कॉमर्स क्लब आपके साथ है।कॉमर्स क्लब में सफल होने वाले विद्यार्थियों में पहला रैंक पाने वाली सुश्री रितिका लारिया, वहीं फस्ट क्लास में अमिताभ सिन्हा रही। इसके अलावा तुषार रजक, प्रांजल्य हूमने, मिथलेश साहू, श्रेया शेंडे, तपस्या वर्मा,सिया मंधानी, सविता सिन्हा, ट्विंकल वर्मा, नौसिन अंसारी, एकता चंद्राकर, आयुष देवांगन, गगन क्षत्रिय, वीणा साहू, माधुलिका साहू, रिया मेश्राम,भावेश राजपूत कुणाल सिन्हा ,डाली साहू,मयंक सिन्हा, अनुराग मेश्राम, संजना देवांगन, बारिश कुरैशी, खिलेंद्र पटेल अंश दीप सुखदेवे, किर्ती सिन्हा, जिया देवांगन, हर्ष रामटेके, आयुष शर्मा आदि के नाम प्रमुख है।

# ऑपरेशन सेवा के तहत व्यक्ति को उपलब्ध कराई गई तत्काल चिकित्सा सहायता

राजनांदगांव (दावा)। मंडल सुरक्षा आयुक्त, नागपुर दीपचंद आर्य के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक व्यक्ति को त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। बताया जाता है कि, रेसुब निरीक्षक तरूणा साहू एवं प्रधान आरक्षक राजेन्द्र रायकवार आयोध्या स्पेशल ट्रेन के बंदोबस्त ड्यूटी में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान प्लेटफार्म पर एक व्यक्ति भीषण गर्मी के कारण अचानक चक्कर खाकर गिर गया, जिससे उसके पैर में चोट आ गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी में तैनात स्टाफ ने तत्काल रेलवे के चिकित्सा विभाग को सूचित किया तथा मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम प्रकाश साहू (उम्र 26 वर्ष), निवासी कामना नगर, नागपुर (महाराष्ट्र) बताया, जो जनरल टिकट लेकर इतवारी से राजनांदगांव तक यात्रा कर रहा था। स्टेशन पर उतरने के पश्चात अचानक चक्कर आने से वह गिर गया था। बाद में उसके परिजन स्टेशन पहुंचे, जिन्हें उक्त व्यक्ति को सुरक्षित रूप से सुपुर्द कर दिया गया।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम में राजनांदगांव जिले ने दर्ज की प्रगति


राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी होते ही जिलों की रैंकिंग एवं टॉप-टेन विद्यार्थियों की जानकारी के साथ जिलेवार एवं स्कूलवार परिणामों का विस्तृत अवलोकन किया गया। अवलोकन उपरांत यह स्पष्ट हुआ कि राजनांदगांव जिले ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणामों में प्रगति दर्ज करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। जिले के कुल 166 हाई स्कूलों में से 44 स्कूलों ने 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है। वहीं 64 स्कूलों ने 90 से 99 प्रतिशत के बीच परिणाम दर्ज किया। इस प्रकार कुल 166 स्कूलों के विरूद्ध 108 स्कूलों में 90 से 100 प्रतिशत परिणाम रहा, जो जिले के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। इस बेहतर प्रदर्शन के फलस्वरूप जिले ने राज्य स्तर पर पिछले वर्ष के 25वें स्थान से सुधार करते हुए 9वां स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं के 89.41 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ जिले ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम भी 68.76 प्रतिशत से बढ़कर 89.41 प्रतिशत पहुंच गया, जो 20 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

**राज्य रैंकिंग में बड़ा सुधार, 90-100 प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों की संख्या में हुई वृद्धि**

हायर सेकेंडरी स्तर पर कुल 112 स्कूलों में से कला संकाय में 23 स्कूलों ने शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया, जबकि 36 स्कूलों ने 90 से 99 प्रतिशत के बीच परिणाम दर्ज किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले को राज्य स्तर पर 10वां स्थान प्राप्त हुआ। वाणिज्य संकाय में 58 स्कूलों ने 90 से 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया, वहीं विज्ञान एवं गणित संकाय के 76 स्कूलों तथा कृषि संकाय के 7 स्कूलों ने भी 90 से 100 प्रतिशत के बीच परिणाम हासिल कर जिले के प्रदर्शन को मजबूत बनाया। कक्षा 12वीं के परिणामों में भी सुधार दर्ज किया गया है। जहां गत वर्ष 82.25 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे, वहीं इस वर्ष 87.56 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जो 5.31 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। कक्षा 10वीं में जहां पिछले वर्ष 3908 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 5614 हो गई, जो 1700 से अधिक बच्चों ने हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी का स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में गत वर्ष 3842 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया था, जबकि इस वर्ष 4888 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया, जो 1000 से अधिक की वृद्धि है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन का प्रतिफल है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रभास कुमार सिंह बघेल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षा विभाग की पूरी टीम ने समर्पित होकर कार्य किया। नवाचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को सतत मार्गदर्शन, नियमित मॉनिटरिंग एवं शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप जिले को यह उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल हुई है।

# आज बुद्ध जयंती पर जिले सहित संस्कारधानी में 'बुद्धम शरणं गच्छामि' से गूजेंगा

राजनांदगाँव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगाँव में कल 1 मई बुद्ध जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे बौद्ध समाज के वरिष्ठ समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया 1 मई बुद्ध पूर्णिमा त्रिगुण पावन पर्व पर शहर सहित राजनांदगाँव जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है 7 श्री विनोद श्रीरंगे ने बताया सुबह 7 बजे जिले के समस्त बौद्ध विहारों में पंचशील का झंडा रोहण किया जायेगा एवं परित्राण पाठ एवं भगवान गौतम बुद्ध के संदेशो का वाचन किया जायेगा 7 श्री विनोद श्रीरंगे ने बताया सुबह 10 बजे बुद्धिष्ट शासकीय सेवक संघ राजनांदगाँव द्वारा डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर चौक में विशाल खीर पुड़ी का वितरण किया जायेगा 7 इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ एवं महिला उपासिकाये अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। विनोद श्रीरंगे ने बताया शाम 6 बजे से जिले सहित राजनांदगाँव में स्थित समस्त बौद्ध विहारों में सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमे बच्चों द्वारा भगवान गौतम बुद्ध पर आधारित नाट्य, भीम गीतों पर आधारित डांस, कविता, भाषण आदि अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए समाज द्वारा सम्मान किया जायेगा एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जायेगा। विनोद श्रीरंगे ने बताया कि बुद्ध जयंती के कार्यक्रमों में जिले एवं नगर के जनप्रतिनिधि, समाज के जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठ एवं सभी राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। विनोद श्रीरंगे बताया कि कार्यक्रम के पश्चात सभी बौद्ध विहारों में शाम को बुद्ध जयंती के अवसर पर धम्म भोज का आयोजन किया गया है। विनोद श्रीरंगे ने बुद्ध जयंती के इस पावन पर्व पर सभी को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की हैं।



**बौद्ध समाज के द्वारा खीर पुड़ी का वितरण**

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट की आईसीएसई और आईएससी 2026 बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता



**छात्रों ने लहराया परचम**

राजनांदगांव(दावा)। शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने इस वर्ष की आईसीएसई (कक्षा 10वीं) और आईएससी (कक्षा 12वीं) की परीक्षाओं में एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता का लोहा मनवाया है। विद्यालय ने न केवल उच्च उत्तीर्ण प्रतिशत दर्ज किया है, बल्कि कई विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

कक्षा 12वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विज्ञान और वाणिज्य संकाय के छात्रों ने कठिन विषयों में उत्कृष्ट ग्रेड हासिल किए है- हिमेष कुमार टंडन ने जीव विज्ञान में 96, भौतिकी में 95 और रसायन विज्ञान में 92 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। नितिन कुमार पांडे ने गणित और भौतिकी दोनों में 91 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा साबित की। अथर्व बोमले ने जीव विज्ञान में 95 और भौतिकी में 94 अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता दर्ज की। विद्यालय के अधिकांश छात्रों ने हिंदी विषय में ग्रेड 1 प्राप्त किया है।

### आईसीएसई (कक्षा 10वीं) में विद्यालय का उत्तीर्ण 100 प्रतिशत रहा

रागिनी निषाद ने हिंदी में 94 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। वाणिज्यिक अध्ययन में भी छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कक्षा दसवी विज्ञान में केतुभ धमगेश 88 प्रतिशत, मयंक वर्मा 88 प्रतिशत, रागिनी निषाद 86 प्रतिशत, परिधि जैन 83 प्रतिशत, सिमरन जायसवाल 82 प्रतिशत, दसवीं कामर्स में श्रेया झा 88 प्रतिशत, भाविका वर्ल्यानी 83 प्रतिशत, प्रियांशी स्वर्णकार 82 प्रतिशत, नवनीत साहू 80 प्रतिशत, वंश सिंह 80 प्रतिशत, वहीं कक्षा बारहवीं विज्ञान में अथर्व बोमले 94 प्रतिशत , हिमेश टण्डन 93.75 प्रतिशत, मुस्कान मिश्रा 83 प्रतिशत, गवाक्ष श्रीवास 81 प्रतिशत, बारहवीं गणित में नितिन कुमार पाण्डेय 90 प्रतिशत, प्रांकुर शर्मा 85 प्रतिशत, शुभोजित सरकार 83 प्रतिशत, शौर्यन प्रताप सिंह 82 प्रतिशत, श्रद्धा बिसेन 81 प्रतिशत के साथ, बारहवीं वाणिज्य में राज सिन्हा 87 प्रतिशत, संस्कृति तिवारी 86 प्रतिशत, आस्था गुप्ता 80 प्रतिशत, पौरुष अग्रवाल 78.25 प्रतिशत, वैभवी खंडेलवाल 76 प्रतिशत, तहूर अहमद नवाज 75.25 प्रतिशत प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

### सर्वांगीण विकास पर जोर

अकादमिक विषयों के अलावा, शारीरिक शिक्षा में विद्यालय का दबदबा रहा, जहाँ कई छात्रों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। साथ ही एसयूपीडब्ल्यू (समाजसेवा) में सभी छात्रों ने ए और बी ग्रेड प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि, विद्यालय केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि छात्रों के चरित्र निर्माण पर भी ध्यान देता है। संस्था के वरिष्ठ जनों ने कहा कि हमें गर्व है अपने होनहार सितारों पर जिन्होंने आईसीएसई और आईएससी 2026 की परीक्षाओं में सफलता का परचम लहराया है।

### हमारी उपलब्धियां -

आईएससी (12वीं) में 100 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण, आईसीएसई (10वीं) में 100 प्रतिशत छात्र सफल रहे! बेमिसाल स्कोर- भौतिकी, जीव विज्ञान और गणित में 90 प्रतिशत से अधिक अंक। शारीरिक शिक्षा- कई छात्रों ने हासिल किए 100/100 अंक। हिंदी में श्रेष्ठता- रिकॉर्ड तोड़ ग्रेड 1 और उच्च अंक।

### क्यों चुनें रॉयल किड्स कॉन्वेंट

अनुभवी एवं समर्पित शिक्षक। विज्ञान, वाणिज्य और कला विषयों का संतुलित समन्वय। सर्वांगीण विकास एवं खेलकूद पर विशेष ध्यान। आधुनिक शिक्षण पद्धति और उत्कृष्ट अनुशासन। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमति मनीषा सिंह ने शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

# विधायक डॉ.रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने दी बुद्ध जयंती की बधाई



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पाण्डे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों को बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दी है। उन्होने अपने बधाई संदेश में कहा कि, भगवान गौतम बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, दया, करूणा व साकाहार के मार्ग पर चलने की सीख दिये। उन्होंने भगवान गौतम बुद्ध के बताये मार्गों पर चल कर समाज की उन्नति के लिये कार्य करने तथा समाज के हर व्यक्ति के सुख समृद्धि व समाज के निर्धन बच्चों को शिक्षा देनें, समाज हित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध समाज के अंतिम व्यक्ति की चिन्ता करने की सीख दिये तभी समाज उन्नति करेगा। उन्होंने बुद्ध जयंती एक जुट होकर उमंग व उल्लास के साथ मनाने की अपील की है। निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, श्रीमती बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा, आलोक श्रोती, राजा माखीजा, श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, श्रीमती केवरा विजय राय एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुति लोकेश जैन, संतोष कुमार साहू, कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल तथा पार्षदा ने नागरिकों को बुद्ध जयंती के प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुये उनके बताये मागों पर चलकर जयंती मनाने की अपील की है।

## कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**नामान्तरण प्रकाशन सूचना**

कमांक 175/रा. नामां/2025-26 — डोंगरगांव, दिनांक 29.04.2026

**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

कर निर्धारण के स्वामित्व खाते (कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये

| क्र. | वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/दिनांक क्रमांक | रकबा/ खसरा क्रमांक | भूमि/ भवन | वर्तमान मकान/ भूमि स्वामी (हस्तारण कर्ता का नाम) /विक्रेता | आवेदक (हस्तारित का नाम) क्रेता | स्वामित्व अर्जन का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 12 | डॉ. भीमराव अंबेडकर | 12/01 | 336/35x33 | पक्का मकान | श्रीमती शीला साहू पति- श्री कालीचरण साहू, वार्ड क्रं. 12 भाठापारा मटिया | श्री कालीचरण साहू पिता- स्व. मदोले साहू, वार्ड क.12 भाठापारा मटिया | मृत्य प्रमाण पत्र |

हेतु आवेदन पेश किया गया है, यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त ईश्तहार/ नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते हैं, तो ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति लिखित पेश कर सकते है। ईश्तहार के समयावधि समाप्ति पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, डोंगरगांव**

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा (छ.ग.)

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक 2252/NIT-01/2026-2027/व.ले.लि. — दिनांकः 28/04/2026

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 11/05/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 18/05/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 19/05/2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा कारों की श्रेणी - 'द' श्रेणी से 'अ' तक

| एनआईटी क्रमांक निविदा क्रमांक | कार्य का नाम / No. of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1<br>T0004 | जिला न्यायालय परिसर कबीरधाम (कवर्धा) में गार्डन एवं लोहे की कटीले तार से फेसिंग कार्य।<br>प्रथम आमंत्रण (समय 2 माह) | 8.35<br>6265.00<br>125250.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-262700436/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा**

**जल ही जीवन है, जल है तो कल है, इसका सदुपयोग करें**

**आवश्यकता है**

दुकान में सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।
*वेतन आकर्षक*

पता : चांदनी सुहाग भण्डार गुड़ाखू लाईन, राजनांदगांव
फोन- 9302435886, 9827951560

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
1-4-8
256-3 269-7
राजधानी
4-7-0
679-2 199-9

चेतावनीः- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)

**//निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से मेन्युअल निविदा 'प्रपत्र-अ' में प्रतिशत दर पर एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत राजनांदगांव जिले के विभिन्न विकासखंडों के निम्नलिखित ग्रामों में निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद निविदायें दिनांक **29.04.2026** को आंमत्रित की जाती है। (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित संलग्न शेड्यूल अनुसार)

निविदा प्रपत्र कय करने के लिये खंड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक **19.05.2026** है। उपरोक्त निविदा की अन्य शर्ते, विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | निविदा सूचना क्रमांक | विकासखण्ड | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 16 | राजनांदगांव | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड राजनांदगांव अंतर्गत बैक्टेरियो लॉजिकल लैब निर्माण कार्य | 10.74 |
| 2 | 17 | डोंगरगांव | ग्राम आरी में पंपिंग मेन, नल कनेक्शन एवं डिस्ट्रीब्युशन पाईप लाईन कार्य। | 11.30 |
| 3 | 18 | डोंगरगांव | ग्राम अर्जुनी में पंपिंग मेन एवं डिस्ट्रीब्युशन पाईप लाईन कार्य। | 13.97 |
| 4 | 19 | राजनांदगांव | ग्राम भरकाटोला में राईजिंग मेन पाईप लाईन कार्य एवं घरेलु नल कनेक्शन कार्य। | 17.72 |
| 5 | 20 | राजनांदगांव | ग्राम चवेली में डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन बिछाने एवं नल कनेक्शन का कार्य। | 16.03 |

जी- 262700472/1

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)**






# नगर निगम की विशेष सम्मेलन, 2 विषय सर्वसम्मति से एवं 1 विषय बहुमत से पारित



राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम की विशेष सम्मेल (सामान्य सभा) की बैठक आज पूर्वान्ह 11:30 बजे से नगर निगम के सभागृह मे आहुत की गयी। बैठक निर्धारित समय मे राष्ट्रगीत एवं राजगीत के साथ प्रारंभ हुई उसके पश्चात 3 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया गया।

बैठक के प्रारंभ में लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेशन के आवेदन की स्वीकृति एंव अनुमोदन विषय सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार द्वितीय विषय में वर्ष 2026-27 में निगम सीमाक्षेत्र में संपत्तिकर की दरो में एम.आ.आई.सी द्वारा संशोधित दर पर दी गयी स्वीकृति की पुष्टि पर चर्चा उपरांत मोबाईल टॉवर तथा निजी कम्पनी के केबल से भी प्रावधान अनुसार दर रोपित करते हुए सम्पत्तिकर अधिरोपित करने प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।


इसके अलावा अंतिम विषय में महिला सशक्तिकरण के जनजागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यक्रम की महत्ता पर चर्चा उपरांत सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी में महिलाओं को जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व दिलाने एवं महिला सशक्तिकरण हेतु लोकसभा में प्रस्तुत 131वॉ संविधान संशोधन विधेयक (नारी शक्ति बंदन अधिनियम 2023) पर हुए विरोध के लिए निंदा प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित किया गया। सभी विषयों में सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया, महापौर मधुसूदन यादव ने अंत में सदस्यों द्वारा चर्चा उपरांत ली गयी, जानकारी का जवाब प्रस्तुत किया। निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमीन यादव ने सभा का सफल संचालन किया। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। बैठक में विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, पार्षदों के अलावा अधिकारी कर्मचारी एंव पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

# आज सुधांशु महाराज के 71वें अवतरण दिवस

## कल 2 मई को धर्म संस्कृति महोत्सव के रूप में मनाएगा विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल

## जप तप ध्यान साधना सेवा शिष्यगण करेंगे धार्मिक पुस्तकों का पठन पाठन एवं जीवन संचेतना पुस्तक का वितरण

राजनांदगांव (दावा)। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतावनी, सचिव सौरभ खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल ने बताया कि सद्गुरु सुधांशु महाराज का प्रथम नगर आगमन सन 2004 में स्टेट हाईस्कूल मैदान संस्कारधानी राजनांदगांव हुआ था 22 वर्षों की निरंतर सेवा सद्गुरु के मार्गदर्शन से विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल द्वारा निरंतर संचालित की जा रही है भक्तों के सद्गुरु सुधांशु महाराज सरल सहज और प्रेरणादायक प्रवचनों से भक्तों को ध्यान भक्ति सेवा सदाचार और धर्म संस्कृति के पाठ से उनके जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाले विश्व वंदनीय संत पूज्य सद्गुरु सुधांशु महाराज मानव समाज में व्याप्त अंधविश्वास आडंबर अज्ञान कुरीतियों और निराशा हताशा के वातावरण को दूर कर लोगों के दिलों में विश्वास प्रेम सामंजस्य सेवा सहयोग और समर्पण के भाव भरकर उन्हें धर्म संस्कृति संयुक्त संस्कारमय जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। पूज्य महाराज श्री ने परिवार समाज और राष्ट्र के लिए ही नहीं अपितु वसुदेव कुटुंबकम के भाव से लोक मंगल और विश्व कल्याण के लिए विश्व जागृति मिशन परिवार की स्थापना कर अपनी 51 वर्षीय प्रवचन यात्रा में मानव चेतन को जागृत कर लोगों के जीवन की दिशा और दशा परिवर्तन के सूत्र दिए आप धर्म संस्कृति में अंतर निहित जीवन मूल्यों, मानवीय संबंधों, आदर्श मर्यादाओं और



परंपराओं को वर्तमान युग में वैज्ञानिक कसौटी पर परख कर उन्हें प्रमाणित कर करोड़ों भक्तों का जीवन रूपांतरित कर रहे हैं। इस वर्ष पूज्य महाराज श्री का 71वां अवतरण दिवस जन्मोत्सव आज 2 मई को धर्म संस्कृति महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने आगे बताया कि विश्व विख्यात संत परम पूज्य सद्गुरुदेव सुधांशु जी महाराज का 71 वा अवतरण दिवस 2 मई शनिवार को धर्म संस्कृति महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा राजनांदगांव विश्व जागृति मिशन परिवार के प्रत्येक घरों में शिष्यों द्वारा सामूहिक रूप से ठीक प्रातः 10:00 हम सब शिष्यों के आराध्य सद्गुरु के दीर्घायु सत्तायु जीवन के लिए प्रभु से सामूहिक प्रार्थना करते हुए गुरु मंत्र ईस्ट मंत्र व मंत्रों में महामंत्र गायत्री महामंत्र की माला का जाप किया जाएगा।

धर्म के प्रचार प्रसार के लिए धार्मिक पुस्तकों का वितरण किया जाएगा एवं भारतीय सनातन संस्कृति जप तप, ध्यान, यज्ञ धार्मिक पुस्तकों का पठन पाठन कर जीवन संचेतना पुस्तक का वितरण करते हुए अपनी संस्कृति की रक्षा का सामूहिक संकल्प सद्गुरु के पावन अवतरण दिवस उल्लास पर्व जन्मोत्सव पर समस्त शिष्य संस्कृति रक्षा का सामूहिक संकल्प लेंगे। सद्गुरु सुधांशु महाराज की मंगलमय आरती उतारकर सहपरिवार गुरुदेव भगवान के गगनभेदी जय घोष के साथ उल्लास पर्व का का समापन होगा। उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

# दसवीं में कु. साक्षी साहू प्रथम



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम धामनसरा उच्च माध्यमिक विद्यालय धामनसरा के परिणाम जानकारी संस्था के प्रभारी प्राचार्य अजय मसीह ने दिया 10 में कु साक्षी साहू 89 प्रतिशत प्रथम कु पायल 86.3 प्रतिशत द्वितीय कु तिपदा 83,66 प्रतिशत तृतीय रहा कुल विद्यार्थी 113 प्रथम श्रेणी 50 द्वितीय श्रेणी 46 पूरक 7 अनुत्तीर्ण 8 कक्षा दसवीं 86,72 प्रतिशत रहा कक्षा 12वी में कु धनेश्वरी कामर्स 74.4 प्रतिशत द्वितीय कु दामिनी गणित 74त्न तृतीय कु यामिनी बायो 73,60 प्रतिशत रहा प्रभारी प्राचार्य अजय मसीह परीक्षा प्रभारी सजीव शर्मा पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव सरपंच श्रीमती गौरी कृत लाल पटेल अध्यक्ष शाला विकास समिति तिलक निषाद एवं शिक्षकगणों ने सभी विद्यार्थियों शुभकामनाएं दी।

# अपर कलेक्टर ने नीट-2026 परीक्षा की तैयारी के संबंध में केन्द्राध्यक्षों की बैठक ली

राजनांदगांव। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट-2026 परीक्षा की तैयारी के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में केन्द्राध्यक्षों की बैठक ली। उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में नीट-2026 परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी केन्द्राध्यक्ष को एनटीए के नियमों एवं दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में बताया गया कि जिले में नीट-2026 परीक्षा के लिए कुल 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। परीक्षा में कुल 1897 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

# युगांतर में दीप्ति बिंदल द्वारा बियांड टीचिंग इम्पैक्टफुल क्लास रूम पर प्रभावी वर्कशाप



राजनांदगाँव (दावा)। मध्य भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में बियांड टीचिंग इम्पैक्टफुल क्लास रूम पर प्रभावी वर्कशाप शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए आयोजित हुई। इस वर्कशाप में एनएलपी ट्रेनर दीप्ति बिंदल ने न्यूरो लिंगविस्टिक प्रोग्राम के जरिये शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करें-इसे विस्तार से समझाया। उन्होंने आगे बताया कि शिक्षा नीति में नित नए परिवर्तनों को कैसे स्वीकार किया जाए, जिससे हमारा व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास हो सके। इसके लिए उन्होंने कई रोचक गतिविधियाँ कराई।

उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यार्थियों के अवचेतन मन की जानकारी भी दी। विद्यार्थियों के लिए मेटाफर (रूपक अलंकार) के जरिए सदैव सकारात्मक कमेंट्स करने चाहिए, जिससे वे शिक्षक-शिक्षिकाओं से जुड़ सके। विद्यार्थियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान सकारात्मक विचार रखना जरूरी होता है , जिससे उनके कार्यों में सुधार हो सके। उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओ को सकारात्मकता अपनाने के लिए ऊर्जा से भरपूर बनाए रखने के लिए कई रोचक फनी गतिविधियाँ कराई, जिसका सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भरपूर लुत्फ उठाया। उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं के जीवन की कठिनाइयों को गतिविधि द्वारा दूर करने का प्रयास भी किया। उन्होंने वन फुल डे के सेशन में बच्चों के न्यूरोलॉजिकल कनेक्शन डेवलप करने के कई टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों की लर्निंग को स्ट्रांग बनाने, उनकी पर्सनाल्टी डेवलप करने तथा क्लास को एनर्जिटिक बनाने के तरीके बताए। इससे बच्चे इन्स्पायर होकर जो सीख रहे हैं, उसे लंबे समय तक याद रख सकें। उन्होंने टीचर्स की क्लास के बियांड जाकर जिम्मेदारियों को भी रेखांकित किया। वर्कशाप के उपरांत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने बताया कि, आयोजन उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। शिक्षा के क्षेत्र में आई चुनौतियों का सामना करने के लिए इस तरह के वर्कशाप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने वर्कशाप की सफलता पर दीप्ति बिंदल को बधाई दी। उन्होंने भी फनी एक्टिविटीज में भाग लिया। वर्कशाप का फीड बैक देते हुए कंचन सोहल, अर्पण मसीह और राजेश चौबे ने इसे बहुत उपयोगी वर्कशाप बताया। वर्कशाप के सफल आयोजन विद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित म्यूजिक विभाग ने अहम योगदान दिया।

# शादी का खाना खाने में लोग हुए बीमार, उल्टी-दस्त की हुई शिकायत

**सोमनी थाना क्षेत्र के ग्राम फुलझर में हुई घटना, जुटी रही स्वास्थ्य टीम**

राजनांदगांव (दावा)। आज कल वैवाहिक आयोजनों में स्वरुचि भोज खाना खतरे से खाली नहीं रह गया है। इस तरह के आयोजनों में खाना बनाने में थोड़ी भी चूक हुई तो इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ सकता है।

ऐसे ही एक घटना सोमनी थाना क्षेत्र के ग्राम फुलझर में घटी। ग्राम फुलझर के एक परिवार में शादी थी। रात में भोज का आयोजन था। उस भोज में गांव के लोगों द्वारा भोजन किए जाने से उनकी हालत खराब हो गई। बताया जाता है कि खाने में चांवल दाल के साथ कुम्हड़े की सब्जी परोसी गई थी। खाना खाने के लगभग एक घंटे बाद लोगों की एक-एक कर तबीयत खराब होने लगी। लोगों में अचानक उल्टी -दस्त होने लगी। शिकायत सामने आते ही लोगो ने अस्वस्थ ग्रामीणों को सोमनी हास्पीटल लाया गया। जहां उन्हें दाखिल किया गया। हास्पीटल में तकरीबन 14 ग्रामीण एडमिट थे। जिनका उपचार कर 10 ग्रामीणों को शाम तक डिस्चार्ज कर दिया गया। अगले दिन सुबह से ही गांव में स्वास्थ्य टीम पहुंची और शिविर लगाकर लोगों में दवाइयां वितरण किया गया। वहीं बीमार लोगों को प्राथमिक उपचार किया गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि फूड पायजनिंग के चलते ग्रामीण बीमार हुए। उपचार के बाद सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



CMYK



## अनमोल दावा

> समय को समझना समझदारी है और समय पर समझ जाना जिम्मेदारी है.

## भारत ने कदम पीछे खींच लिए हैं?

कॉप-33 की मेजबानी से भारत ने इनकार कर दिया है। यह निर्णय रहस्यमय लगता है, क्योंकि मेजबानी पाने की पहल खुद प्रधानमंत्री ने की थी। उसके बाद आखिर ऐसा क्या बदल गया, जिस कारण भारत ने कदम पीछे खींच लिए हैं? जिस समय अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में भारत के अलग-थलग पड़ने से देशवासियों में व्यग्रता गहराई है, नरेंद्र मोदी सरकार ने फिर एक फैसला लिया है, जिसका भारत की वैश्विक छवि पर खराब पड़ेगा। भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन पर संबंधित पक्षों के सम्मेलन (कॉप-33) की मेजबानी से इनकार कर दिया है। यह निर्णय रहस्यमय भी लगता है, क्योंकि इसकी मेजबानी पाने की पहल खुद प्रधानमंत्री ने की थी। 2023 में दुबई में हुए कॉप-28 के दौरान उन्होंने ये की पेशकश की, जिसे तुरंत स्वीकार कर लिया गया था।

मुद्दा है कि उसके बाद आखिर ऐसा क्या बदल गया, जिस कारण भारत ने 2028 में तय सम्मेलन की मेजबानी से कदम पीछे खींच लिए हैं? अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बदलाव यह आया कि डॉनल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका जलवायु परिवर्तन से संबंधित संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं से अलग हो गया। दरअसल, ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन संबंधी वैज्ञानिकों की सोच को एक धोखा बता रखा है। उन्होंने 'ड्रिल बेबी ड्रिल' के नारे के तहत जीवाश्म ऊर्जा का प्रचलन बढ़ाने की मुहिम छेड़ रखी है। क्या वॉशिंगटन में आए इस बदलाव से भारत सरकार प्रभावित हुई है? इससे जुड़ा सवाल यह भी उठेगा कि क्या 2023 में भारत ने मेजबानी इसलिए मांगी थी, क्योंकि क्लाइमेट एजेंडे को आगे बढ़ाना अमेरिका के तत्कालीन जो. बाइडेन प्रशासन की प्राथमिकता थी?

भारत सरकार को ऐसी धारणाओं को तोड़ने का सायास प्रयास करना चाहिए। अभी जबकि ट्रंप की विज्ञान विरोधी अभियानों से दुनिया भर में अमेरिका के सॉफ्ट पॉवर में तेजी से ह्रास हो रहा है, ये सही वक्त है जब भारत जैसा देश ऐसे प्रयासों में अधिक दिलचस्पी लेकर अपनी वैश्विक छवि एवं हैसियत को ऊंचा उठाए। मोदी के बारे में धारणा है कि वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मौजूदगी के लिए उत्साहित रहते हैं। फिर भी इस मामले में भारत सरकार ने विपरीत कदम उठाया है। स्पष्टत: ऐसा कर वह वैश्विक चिंताओं की आवाज बनने का मौका गवां रही है। साथ ही ऐसे कदमों से ऐसी धारणाओं को भी बल मिल रहा है कि भारत अमेरिका का पिछलग्गू बनता जा रहा है।

## कविता(1 मई पर विशेष)

### !! एक मई हो जान ॥

चलव आज एकमई हो जान,  
सब मिल रघुपति राघव गान।  
मजदूर दिवस के पावन परब मं  
हाथ जोर मेहनत ल करन प्रणाम। चलव आज................

ऊंच -नीच के भेद मिटे  
अमीर-गरीब के खोचका पटे  
कोई झन राहय छोटे-बड़े,  
रहे बराबर सब, कोई झन? घटे।  
राहय सब मे एकमयता के भान।। चलो आज.............

पसीना के गुन के बखान करन  
मेहनत के हम सब सम्मान करन  
जिंकर मेहनत ले सजे हे ये दुनिया  
ओ मजदूर के चूम लेवन चरन।  
बढ़ावन इंखर हम सब मान-सम्मान। चलो आज.................

बटकी में बासी, चुटकी में नून,  
मेहनत के गुन ल,कान देंके सुन।  
श्रम के देवता ले ये दुनिया हे ठाढ़े,  
नहीं ते जांगर ल लग जाही घुन।  
कर्म प्रधान कहिथे गीता के ज्ञान।। चलो आज..............


बड़े-बड़े महल, राज-रजधानी  
मेहनत के देवता के बरने कहानी।  
जोते-जांगर कमाए खेती -किसानी,  
बहती धारा ल मोड़े, पथरा ल करें पानी।  
माटी संग मिलइया, ये माटी के मितान।। चलो आज .................

मया-प्रेम के दीया जलान,  
छोटे-बड़े के आज भेद मिटान,  
होवन सब एक, अउ एक्के होवन सब्बो  
मनखे- मनखे मन राहन, एक्के समान।  
छेड़न एक सुर में, करम गीत के तान।।  
चलो आज एकमई हो जान।  
सब मिल रघुपति राघव गान। चलो आज,............



**पप्पू 'पौर्वात्य' कलिहारी**  
**राजनांदगांव**

## राशिफल



**मेष**
आज के दिन आपके व्यक्तित्व में नया निखार आने वाला है। आपका कर्मशील और कर्तव्य वान स्वभाव से समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के ठेकेदार को आज दिन धनलाभ होने वाला है। छात्रों को आज उनकी मेहनत का फल मिलने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा।




**वृष राशि**
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। कई सालों से नहीं बिक रही जमीन आज अच्छे दामों में बिकने के योग हैं। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनाएंगे। जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है। उन्हें पेंटिंग गिफ्ट करने से रिश्ते मधुर रहेंगे।




**मिथुन**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मित्र से कॉल पर बात होगी, पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। इस राशि के विवाहित पुरुष आज जीवनसाथी को साड़ी गिफ्ट करें तो रिश्ते में और मधुरता आयेगी। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के साथ बाहर डिनर पर जा सकते हो। राजनीतिक से जुड़े लोगों का आज मान-सम्मान बढ़ेगा।



**कर्क**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। पड़ोसी जिनसे पहले अनबन हुई थी वो आज सब भुलाकर दोस्ती का हांथ बढ़ाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। एग्जाम से संबंधित शुभ समाचार मिल सकता हैं। घर से बाहर जाते समय जेब में काली मिर्च के सात दाने जरूर रखें, फायदा होना तय है।




**सिंह**
आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज ऑफिस का वर्क लोड ज्यादा हो सकता है, जितनी सहजता से करेंगे उतनी ही जल्दी काम पूरा होगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन सकता है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी रिश्तेदार की शादी में जा सकते हैं।



**कन्या**
आज का दिन नयी खुशियां लेकर आया है। आप अपने मित्र के साथ बाहर जा सकते है, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है। साथ में किसी मंदिर दर्शन के लिए जायेंगे। परिवार के साथ डिनर बाहर करने का प्लान बनायेंगे। इंजीनियरिंग के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी बड़ी कंपनी से जॉब का ऑफर मिल सकता है। महिलाएं आज किचन में काम करते वक्त सावधानी बरतें।



**तुला**
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में आज बॉस अधूरे कार्यों को देखकर आपकी क्लास लगा सकते हैं। बेहतर होगा कि अपना काम समय से पूरा कर लें। इस राशि के राजनीतिक से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज अपने लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं, दोनों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।




**वृश्चिक**
आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी अधूरी इच्छाएं पूरी होगी। लवमेट के साथ शादी फिक्स होने के योग बन रहे है। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आपका बाहर जाने का प्लान बनेगा। आपका रुका काम आसानी से पूरा हो जाएगा। साथ ही घर में लोगों का आना जाना रहेगा। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा।



**धनु**
आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आयेगा। साइंस से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर होगा। सरकारी नौकरी वालों के लिए आज के दिन प्रमोशन हो सकता है। किसी नजदीकी रिश्तेदार के आने से घर में खुशियों का माहौल रहेगा। माता जी घर पर मांगलिक कार्यक्रम करने का विचार बनाएगी।



**मकर**
आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बना सकते हैं। परिवार के सभी सदस्यों को आनन्द की प्राप्ति होगी। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा होने वाला है। आज किसी बड़ी पार्टी से बुकिंग का ऑर्डर मिल सकता है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। छात्र आज अपने पढ़ाई के रूटीन में बदलाव करेंगे, ये बदलाव आने वाले समय में फायदेमंद साबित होगा।



**कुंभ**
आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ बाहर घूमने का प्लान बन सकता है। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आप अपना पैसा किसी धार्मिक काम में लगाएंगे, तो आपको मन शांत रहेगा। इस राशि के लोग आज घर से बाहर निकलने से पहले घर में किसी कन्या का आशीर्वाद लेकर निकलें तो निश्चित लाभ की प्राप्ति होगी।



**मीन**
आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर ज्यादा सोच विचार करने से बचे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं आयेंगी। इस राशि वाले छात्रों के लिए फार्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार वालों के साथ शाम के समय किसी मॉल में शापिंग करने के लिए जायेंगे। दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी में जायेंगे।

# बुद्ध पूर्णिमा: करुणा की पूर्ति, करुणा का संदेश



**श्री सी. पी. राधाकृष्णन**  
**(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं)**

चित्रा पूर्णिमा के शुभ अवसर पर, जब मंदिर उत्सव मनाए जा रहे हैं, मैं प्रार्थना करता हूं कि प्रत्येक घर में सुख- समृद्धि बढ़े। मुझे सभी भाईयों और बहनों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता हो रही है। भारत ने विश्व को जो अनेक उपहार दिए हैं, उनमें बौद्ध धर्म सर्वोपरि है। भगवान बुद्ध का जीवन और उनके उपदेश, आज भी दुनिया भर के लाखों लोगों के जीवन को प्रकाशमान कर रहे हैं। भारत ने विश्व को आत्म-साक्षात्कार का महत्व सिखाया। बुद्ध शब्द का अर्थ ही है ''जाग्रत व्यक्ति''। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि मानवता को आत्मज्ञान की राह दिखाने वाली इस महान आत्मा का जन्म और ज्ञान प्राप्ति, दोनों एक ही दिन हुए।

राजकुमार सिद्धार्थ का पालन-पोषण विलासिता में हुआ। 29 वर्ष की आयु में, उन्होंने अपना महल, पत्नी, पुत्र और समस्त सांसारिक धन-संपत्ति त्यागकर आध्यात्मिक सत्य की खोज में विचरण किया। छह वर्षों के गहन शोध के बाद, उन्होंने बोधगया के बोधि वृक्ष के नीचे परम ज्ञान प्राप्त किया और बुद्ध बन गए। चार आर्य सत्यों और नैतिक आचरण के मार्ग की प्राप्ति ने एक नए दर्शन का आरंभ किया, जिसने विश्व इतिहास में भारत के गौरव को नई ऊंचाई दी। वाराणसी के पास सारनाथ में उन्होंने पांच तपस्वियों को अपना प्रथम उपदेश दिया। ''धर्मचक्र प्रवर्तन'' के नाम से प्रसिद्ध यह उपदेश बौद्ध धर्म की नींव बना और बौद्ध परंपरा की औपचारिक शुरुआत का यह प्रतीक था। समय के साथ, अनेक लोग उनके उपदेशों से प्रभावित हुए। मगध के राजा बिम्बिसार ने राजगीर में वेणुवन (बांस उपवन) विहार दान किया। धनी अनाथपिंडिका ने पूरे जेतवन उपवन को स्वर्ण मुद्राओं से ढककर एक विहार(मठ) का निर्माण करवाया। ऐसे कार्य भारत में विद्यमान धर्मपरायणता में गहरी आस्था को दर्शाते हैं। विहारों के माध्यम से चार आर्य सत्यों का प्रसार होता है: इच्छा दुख का मूल कारण है; इच्छा का त्याग करने से दुख पर विजय पाई जा सकती है, और अष्टांगिक मार्ग का पालन कर दुख से मुक्त जीवन जिया जा सकता है। बुद्ध ने सलाह दी: अतीत पर ध्यान न दें, वर्तमान में जिएं। सत्यनिष्ठा में महान शक्ति होती है। मन सभी कर्मों का मूल है, इसलिए सकारात्मक सोच विकसित करें। कठिन समय में भय से पीछे न हटें। जीवन की यात्रा अंततः व्यक्तिगत होती है, इसलिए इसे आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ाओ। शब्दों में घाव देने की शक्ति होती है, इसलिए मधुर वाणी बोलो। प्रेम और अहिंसा आवश्यक हैं। निरंतर सीखते रहो, कभी रुकें नहीं। मणिमेकलई और कुंडलकेसी जैसे तमिल साहित्यिक ग्रंथों में बौद्ध दर्शन का अत्यंत सुंदर वर्णन मिलता है। हालांकि, अनेक प्राचीन ग्रंथ समय के साथ लुप्त हो गए, फिर भी उनका योगदान अमूल्य बना हुआ है।



*'मदिरा जो मन को भ्रमित करती है, और जीव हिंसा-*  
*बुद्धिमान, मोह से मुक्त होकर, इनका त्याग करते हैं, सुनो:*  
*जन्म और मृत्यु, तथा मृत्यु के बाद पुनर्जन्म,*  
*नींद और जागरण के समान हैं-यही सत्य है।*  
*जो धर्मपूर्ण कर्म करते हैं, वे श्रेष्ठ लोक को प्राप्त होते हैं,*  
*और जो अधर्म करते हैं, वे गहन दुःख में गिरते हैं।*

इस सत्य को समझकर विवेकी जन अपने सभी बंधनों को तोड़ देते हैं।'

इस प्रकार महाकाव्य मणिमेकलै (आथिरै पिच्चैयिट्टा काथै: 84-90) बौद्ध धर्म के सार को स्पष्ट करता है। उन्होंने पांच नैतिक सिद्धांतों पर विशेष बल दिया-अहिंसा, चोरी न करना, व्यभिचार से दूर रहना, सत्य बोलना और नशीले पदार्थों से परहेज़ करना। धर्म से आगे बढ़कर उन्होंने सिखाया कि मन ही हर चीज़ की जड़ है। सकारात्मक विचार और श्रेष्ठ कर्म ही व्यक्ति तथा समाज में संतुलन और शांति लाते हैं। अशांत मन को ज्ञान और स्पष्टता देने के कारण उन्हें ''एशिया का प्रकाश'' कहा जाता है। मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम के शब्द याद आते हैं-''भगवान गौतम बुद्ध के जीवन का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने हमें सिखाया कि शांति की शुरुआत हमारे भीतर से होती है, उन्होंने यह एहसास कराया कि स्वयं पर विजय पाना ही सबसे बड़ी जीत है। आज जब दुनिया तनाव और संघर्ष के दौर से गुजर रही है, तब बुद्ध के उपदेश और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं।'' बुद्ध के उपदेशों की परिवर्तनकारी शक्ति इस बात से स्पष्ट होती है कि उन्होंने सम्राट अशोक जैसे युद्धप्रिय शासक को भी शांति और करुणा का समर्थक बना दिया। सम्राट अशोक ने शिलालेखों और स्तूपों के माध्यम से पूरे देश में बौद्ध सिद्धांतों का प्रचार किया। सांची और सारनाथ के स्तूप आज भी दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करते हैं। सारनाथ का सिंह स्तंभ आज भारत का राष्ट्रीय प्रतीक है। अशोक ने भिक्षुओं और अपने परिवार के सहयोग से बौद्ध धर्म को पूरे एशिया में फैलाया। महावंश के अनुसार, उनके पुत्र महेंद्र बौद्ध उपदेशों को श्रीलंका ले गए। माना जाता है कि बौद्ध भिक्षुओं ने तमिलनाडु में भी इस धर्म के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहाँ आज भी कई क्षेत्रों में बौद्ध परंपरा के चिन्ह मिलते हैं। बौद्ध भिक्षु बिना किसी भेदभाव के निःशुल्क चिकित्सा और शिक्षा प्रदान करते थे। वे त्रिपिटक जैसे पवित्र ग्रंथों की शिक्षा देते, जातक कथाएं सुनाते और लोगों को ध्यान साधना के माध्यम से जागरूकता का मार्ग दिखाते थे। दान, विशेषकर भूखों को भोजन कराना, एक मूल कर्तव्य माना जाता था। तमिल साहित्य में भी कहा गया है कि भूखे को भोजन देना मानो जीवन देने के समान है। हजारों वर्षों से इस भूमि पर अनेक आध्यात्मिक विचारधाराएं और दर्शन विकसित होते रहे हैं। चाहे बौद्ध धर्म हो या जैन धर्म, भारत ने हर मत और पंथ को एकात्म भावना से स्वीकार किया है। यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक चेतना और साझा भावनाओं के स्तर पर यह राष्ट्र सदैव एक रहा है। बौद्ध धर्म ने आजीवन शिक्षा पर विशेष बल दिया और विशाल स्तर पर शिक्षण संस्थानों तथा पुस्तकालयों की स्थापना की। पांचवीं शताब्दी में ही नालंदा विश्वविद्यालय एक महान ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित हुआ, जहां लगभग 10,000 विद्यार्थी और 1,500 आचार्य शिक्षा एवं अध्यापन में संलग्न थे। नालंदा की तरह ही ऐतिहासिक अभिलेख बताते हैं कि तमिलनाडु के कांचीपुरम में भी एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय था। विक्रमशिला और ओदंतपुरी जैसे विश्वविद्यालयों तथा अनेक साहित्यिक कृतियों ने विश्व के सामने भारत की बौद्धिक ऊंचाइयों को प्रदर्शित किया। एशिया भर से विद्वान बौद्ध शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों में अध्ययन करने भारत आते थे। चीनी भिक्षु फाह्यान की 15 वर्ष लंबी यात्रा विशेष रूप से बौद्ध धर्म के अध्ययन के लिए थी। इसी प्रकार चीनी विद्वान ह्वेनसांग ने 16 वर्षों तक भारत में रहकर नालंदा में अध्ययन किया, अनेक ग्रंथ संग्रहित किए और फिर अपने देश लौटे। अपने विस्तृत यात्रा-वृत्तांत में ह्वेनत्सांग ने उल्लेख किया है कि उन्होंने तमिलनाडु के कांचीपुरम का भी दौरा किया, जहां वे एक बौद्ध विश्वविद्यालय में ठहरे, अध्ययन किया और अनेक पांडुलिपियों की प्रतिलिपियां तैयार कीं। कहा जाता है कि उन्होंने वहां विद्यार्थियों को विशेष व्याख्यान भी दिए। कठोर तपस्या से अत्यंत दुर्बल हो चुके सिद्धार्थ के प्रति करुणा से प्रेरित होकर सुजाता ने उन्हें प्रेमपूर्वक खीर अर्पित की। इस करुणामयी सेवा ने उनका जीवन बचाया और उन्हें बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान करने की शक्ति प्रदान की। बुद्ध पूर्णिमा के दिन हम सुजाता के इसी प्रेम और दया को स्मरण करते हुए खीर बनाकर अर्पित करते हैं। 'प्रेम ही आनंद का स्रोत है, प्रेम ही दुनिया की रोशनी है, और प्रेम ही सबसे बड़ी शक्ति है'-बुद्ध की ये शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि पूरे विश्व में प्रेम और शांति का प्रसार हो।

## विचार सरिता

# जीवन सूत्र (प्राचीन ग्रंथों से) संदर्भ नये: बुरे लोग किसी के बारे में बुरा ही सोचते हैं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



खल परिहास होइ हित मोरा । काक कहहिं कलकंठ कठोरा।।  
हंसहिं बक दादुर चातकही। हँसहिं मलिन खल बिमल बतकही।।

(महाकवि तुलसी दास, रामचरितमानस बालकांड, दोहा (8) चौपाई (एक)] रामचरितमानस को लिखते और पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते समय महाकवि तुलसीदास को यह विश्वास है कि इसे सुनकर सज्जन सुख पाएँगे और दुष्ट हँसी उड़ाएँगे। इस चौपाई के अर्थ में वे कहते हैं कि दुष्टों के हँसने में हित ही है। कोयल मधुर कंठवाली है, किंतु कौए उसे कठोर कहते हैं। इसी तरह बगुले हंस को और मेढक पपीहे को हँसते हैं। वैसे ही बुरी सोच वाले दुष्ट निर्मल वाणी की हँसी उड़ाते हैं।

जब व्यक्ति कोई काम कर रहा होता है, तो किसी के द्वारा आलोचना और हँसी सुनकर उसका आत्मविश्वास डगमगा जाता है। आलोचना सार्थक हो और सुधार के उद्देश्य से हो, तब तो यह स्वीकार्य है। अगर आलोचना निरर्थक हो, केवल किसी का उपहास करने और निंदा रस का आनंद लेने के लिए हो, तब तो इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए। प्रायः किसी कार्य में आपसे पिछड़ रहे या ईर्ष्यालु या स्वभाव से ही दूसरों पर छींटाकशी करने वाले लोग ही किसी दूसरे के अच्छे काम में बुराई ढूँढते हैं और रंग में भंग डालने का प्रयास करते है। अतः इसे गंभीरता से न लें। आप यह सोचकर प्रसन्न हों कि आपका कार्य सही दिशा में जा रहा है, जिसे कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसमें इसलिए भी आपका हित है क्योंकि यह आपको अपने कार्य की समीक्षा का एक अवसर देता है।

## भगवान गौतम बुद्ध पर विशेष

# भगवान गौतम बुद्ध की शिक्षा आज भी हमारे जीवन में प्रेरणादायक व महत्वपूर्ण है

**(राजेश खांडेकर)**



हमारे पूर्वजों का स्मरण सदैव प्रेरणा का स्रोत रहा है उनकी जीवनियों का अध्ययन हमारे लिए सदा ही शिक्षाप्रद मार्गदर्शन सिद्ध हुआ है अपने इस गौरव पूर्ण इतिहास में कई महान पुरुषों की जीवनी हम सबको मार्गदर्शन एवं प्रेरणा देती है।

इसी कड़ी में भगवान गौतम बुद्ध लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व हम सबको जो शिक्षा प्रदान करके गए हैं, वह आज भी हमारे जीवन में उतना ही प्रेरणादायक व महत्वपूर्ण है। सिद्धार्थ जो कि बाद में भगवान गौतम बुद्ध के नाम से जाने गए की एक घटना है एक दिन की बात है सिद्धार्थ को कपिलवस्तु नगरी के दर्शन की इच्छा हुई जिन सड़कों से उन्हें जाना था उस रास्ते को स्वच्छ करने का आदेश दिया गया राजा की आज्ञा से बूढ़े भिखारी रोगी या कोई भी दुखी व्यक्ति सड़क पर ना दिखे ऐसा बंदोबस्त किया गया था किंतु जिस समय सिद्धार्थ कपिलवस्तु नगरी देखने के लिए निकले तो रास्ते में उन्हें एक बूढ़ा व्यक्ति एक रोगी व्यक्ति को दिखा जिसे देखकर उनका मन अत्यंत द्रवित हुआ कुछ दिन बाद वे एक सन्यासी से मिले जो एक परीवाजक थे सिद्धार्थ उस सन्यासी के पास जाकर उनका अभिवादन करते हुए उनसे पूछा कि महाराज आप ऐसे संन्यासी क्यों बने तब उसे संन्यासी योगी ने कहा मैं अनुभव किया है इस दृष्टि से कोई भी वस्तु कायम नहीं है और जीवन आरंभ से अंत तक दुख से ग्रसित है इसलिए मैं घर बार लड़के बच्चे पत्नी सभी को छोड़ दिया है अब मात्र धर्म चिंतन में लगा रहता हूं जहां तक संभव है दूसरों की मदद करता हूं अपनी सारी इच्छा आकांक्षा मैं त्याग दी है हो सकता है ऐसा करने से ही मुझे कभी निरंतर सुख की प्राप्ति होगी सन्यासी की इन बातों को सुनकर सिद्धार्थ का मन चिंतन करने लगा और अपने नन्हे से बालक एवं पत्नी को छोड़कर अपने पिता से घर छोड़ने की अनुमति मांगी पिता की मना करने के बाद भी सिद्धार्थ सत्य की खोज के लिए घर से निकल पड़े तथा सब प्रकार के राजकीय विलासिता पूर्ण जीवन को व आभूषण को त्याग कर एक सन्यासी की भांति भ्रमण करने लगे तथा मगध प्रदेश में सिद्धार्थ ने गुरु बनाकर वेद शास्त्र उपनिषद समाधि विद्या का ज्ञान प्राप्त हुआ परंतु फिर भी उनका मन संतुष्ट नहीं हुआ वह सच्चे ज्ञान के लिए पीपल के वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्ति के लिए ध्यान लगाकर बैठ गए जहां उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई तब से वह सिद्धार्थ से बुद्ध हो गए और जिस वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ था वह वृक्ष बोधि वृक्ष के नाम से जाने लगा सारनाथ में बुद्ध ने जो कथन किया वही प्रथम धर्म प्रवचन जाना जाता है। यही से धर्म चक्र प्रवर्तन यानी धर्म का प्रचार प्रारंभ हुआ भगवान बुद्ध ने बौद्ध धर्म की शुरुआत की बौद्ध धर्म सरल एवं सहज है बौद्ध धर्म द्वारा भारत में धर्म तथा सामाजिक स्तर पर मौलिक परिवर्तन लाया गया भगवान बुद्ध के कारण भारतीय संस्कृति अधिक उन्नत हुई हिंदुस्तान में जात-पात का बोलबाला बहुत ज्यादा था जिस पर भगवान बुद्ध ने आघात किया यज्ञ में होने वाले पशु हिंसा एवं युद्ध में होने वाली मनुष्य हिंसा का भगवान बुद्ध ने खुली भाषा में बौद्ध धर्म में निषेध किया। भगवान गौतम बुद्ध की जन्म जयंती पर हम सबको उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए।



## सामयिक चर्चा

### और ट्रम्प को कब तक समझदार बनना होगा?

देर तक अखबार के पन्ने  
इधर-उधर उलट-पलट कर  
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!  
यह है पढ़ने लायक मजेदार खबर -  
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने  
ईरान के साथ युद्ध विराम,  
होर्मुज को फिर से खोलने  
और परमाणु वार्ता को  
फिलहाल टालने संबंधी  
संशोधित ईरान के प्रस्ताव की  
समीक्षा के बीच  
कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि  
उसे याने ईरान को  
बहुत जल्द समझदार बनना होगा।  
गजाधर देर तक यह सुनकर  
बोले- ''बानी ! और ये ट्रम्प  
जो बार-बार, हर बात में  
खुद को बड़ा असरदार कहते है  
उन्हें कौन बताएगा  
कि उन्हें यानी डोनाल्ड ट्रम्प को  
कब तक समझदार बनना होगा?''



-गिरीश बख्शी

## बुद्ध पूर्णिमा विशेष

### भगवान बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, शांति का संदेश संपूर्ण विश्व दिया

बैशाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा का अति पावन दिन , जिस दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्म हुआ। न केवल जन्म अपितु बैशाख पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई और साथ ही शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के ही दिन भगवान गौतम बुद्ध ने इस नश्वर संसार से अपने शरीर का त्याग कर महापरिनिर्वाण की ओर गए।


यह एक संयोग ही है, ऐसे महानुभाव के जीवन का, जिन्होंने सत्य, अहिंसा , शांति का संदेश संपूर्ण विश्व को दिये। गौतम बुद्ध की जीवनी से सभी परिचित हैं। गौतम बुद्ध का जन्म शाक्य वंश के राजा शुद्धोधन व रानी माया देवी के यहां लगभग 563 ईशा पूर्व में लूंबनी नेपाल में हुआ। बचपन में इनका नाम सिद्धार्थ था। 16 वर्ष की आयु में इनका विवाह यशोधरा से हुआ । जीवन के उतार चढ़ाव, दु:ख को महसूस करते हुए 29 वर्ष की आयु में इन्होंने अपना गृह त्याग कर सत्य की खोज के लिए निकल पड़े। 35 वर्ष की आयु में बोधगया बिहार में निरंजना नदी के तट पर, बोधि वृक्ष के नीचे वैशाख पूर्णिमा को ज्ञान प्राप्त हुआ, जिसके बाद वे %बुद्ध% कहलाए। वाराणसी के पास सारनाथ में अपने पांच शिष्यों को इन्होंने पहला उपदेश दिया , जिसे 'धम्मचक्कपवत्तन' (धर्मचक्र प्रवर्तन) कहा जाता है। कहा जाता है कि गौतम बुद्ध की मृत्यु 80 वर्ष की आयु में 483 ईसा पूर्व कुशीनगर उत्तर प्रदेश में हुआ।

बौद्ध धर्म के मुख्य सिद्धांत

चार आर्य सत्य , अष्टांगिक मार्ग , मध्यम मार्ग , आत्म दीपो भवः । गौतम बुद्ध ने लोगों को शांति, प्रेम और प्रेम-सद्भाव से जीने का संदेश दिया। गौतम बुद्ध कर्म ने महत्व को समझाया है। मनुष्य सदैव अपने किए गए कर्म का स्वयं जिम्मेदार हैं। हिंदू धर्म ग्रंथों, पुराणों के अनुसार, गौतम बुद्ध भगवान विष्णु के नौवें अवतार माने जाते हैं। माना जाता है कि उन्होंने करुणा, अहिंसा और वेदों के सही ज्ञान का प्रचार करने के लिए यह अवतार लिया था। हालांकि बौद्ध धर्म में बुद्ध को विष्णु का अवतार नहीं माना जाता है, लेकिन हिंदू परंपरा में उन्हें एक अत्यंत शांत और करुणामय रूप में पूजा जाता है।

*महामंत्र*  
*बुद्ध शरणं गच्छामि*  
*धम्मं शरणं गच्छामि*  
*संघं शरणं गच्छामि*

यह महामंत्र , त्रिरत्न (बुद्ध, धम्म, संघ) में विश्वास प्रकट करता है। इसका जाप करने से जीवन में शांति आती है, मानसिक तनाव कम होता है, और यह आध्यात्मिक जागृति में मदद करता है। तो आइए इस शुभ दिन भगवान गौतम बुद्ध को नमन कर , उनके आदर्शों को अपने जीवन में संकल्पित करें।



**रुचि श्रीवास्तव (शिक्षिका)**  
**एनबीआईएस, बोरी**

CMYK

# किसान पंचायत में आज जुटेंगे मजदूर-किसान




राजनांदगांव (दावा)। 1 मई मजदूर दिवस एवं लाल श्याम शाह जयंती के अवसर पर जिला कार्यालय के सामने किसान मजदूर एकजुट होकर अपनी आवाज बुलन्द करेंगे। प्रदेश किसान संघ द्वारा दाम-सत्याग्रह अंतर्गत आयोजित इस किसान पंचायत में विभिन्न जिलों से लोगों को आमंत्रित किया गया है। किसान - पंचायत के आयोजन के बाद किसान मजदूर हित के मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा जावेगा ।

दाम सत्याग्रह - 30 जनवरी 2026 को राजधानी रायपुर आजाद चौक स्थित गांधी प्रतिमा के सामने उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न संगठनों में समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ देने, न्याय योजना की बकाया भुगतान एवं समर्थन मूल्य गारंटी कारण पास करने की मांग को लेकर दाम सत्याग्रह की घोषणा की है। मांग पूरी होने तक सत्याग्रह जारी रखने का संकल्प लिया है। विभिन्न संगठनों द्वारा अपने स्तर पर समय-समय पर विभिन्न आयोजन किए जा रहे है। इसी क्रम में प्रदेश किसान संघ द्वारा आज 1 मई मजदूर दिवस एवं लाल श्याम शाह जयंती के अवसर पर किसान पंचायत का आयोजन किया जा रहा है।

ये हैं प्रमुख मुद्दे -खाद की काला बाजारी रोकते हुए, समुचित मात्रा में खाद उपलब्धता, सोसायटी में ऋण सीमा में कटौती न करते हुए पर्याप्त ऋण उपलब्धता, मनरेगा की बहाली, चार श्रम कानूनों को रद्द करना, किसान विरोधी देश विरोधी अमेरिका भारत व्यापार समझौता को नामंजूर करना एवं दाम सत्याग्रह की मांगों को पूरा करते हुए वर्ष 2024-25 का 117 रू. अंतर की राशि वर्ष 2025-26 का 186 रू अंतर की राशि का भुगतान, रा.गां. न्याय योजना की बकाया चौथी किश्त का भुगतान, समर्थन मूल्य गांरटी कानून पास करने की मांग एवं बीज स्वायत्तता प्रमुख मुद्दे होंगे साथ ही मनरेगा एवं वी.बी. रामजी के बकाया मजदूरी भुगतान का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौपा जावेगा।

### लाल श्याम शाह को याद करेंगे

1 मई 1919 को जन्में लाल श्याम शाह जो कि तत्कालीन मोहला पाना बरस रियासत के जमीदार परिवार से थे ठाठ-बाठ की जिन्दगी जी सकते थे लेकिन आजीवन लोगों के लिए एवं वनों की रक्षा के लिए संघर्ष किया एवं आम जीवन बिताया दो बार विधानसभा और एक बार लोकसभा से जनहित के मुद्दे पर त्यागपत्र दिया। जंगल बचाओं मानव बचाओं आंदोलन चलाया। चालीस हजार वनांचल के लोगों के साथ पदयात्रा कर प्रधानमंत्री को अपने मंच पर आने मजबूर किया एवं मजबूती से अपनी बात रखी। ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी लाल श्याम शाह को उनकी जयंती पर याद किया जावेगा।

### शहीदों को देंगे श्रद्धांजली

दुनिया भर के मजदूर आंदोलनों के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जावेगी। दिल्ली किसान आंदोलन के 736 शहीद किसानों को भी किसान पंचायत में श्रद्धांजलि दी जावेगी। किसान-मजदूरों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भागीदारी की अपील प्रदेश किसान संघ ने की है ।

# गंडई के वैभव रत्नाकर ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान, कलेक्टर ने किया सम्मानित



गंडई (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में पीएमश्री स्वर्गीय लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय, गंडई ने अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। विद्यालय के मेधावी छात्र वैभव रत्नाकर (पिता व्यास नारायण रत्नाकर) ने कक्षा 12वीं में 96.60प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में 9वां स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

### कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने किया गौरव को सम्मानित

वैभव की इस ऐतिहासिक सफलता पर जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने उन्हें कलेक्ट्रेट कार्यालय आमंत्रित कर विशेष रूप से सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही गंडई नगर पंचायत के अध्यक्ष लाल टाकेश्वर शाह खुसरो एवं उपाध्यक्ष श्याम पाल ताम्रकार ने भी वैभव रत्नाकर एवं विद्यालय के प्राचार्य का सम्मान करते हुए इस उपलब्धि को पूरे नगर के लिए गौरव की बात बताया।

विद्यालय का कक्षा 12वीं का परिणाम 90प्रतिशत रहा, जबकि कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा। विद्यालय के शीर्ष 5 होनहार छात्र कक्षा 10वीं में पायल साहू 93.83 प्रतिशत, विनय पटेल 89.33 प्रतिशत, ओमप्रकाश चतुर्वेदी 85.00 प्रतिशत, नेहा सिंह 83.83प्रतिशत व गोपी सिन्हा 83.50प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं में वैभव रत्नाकर 96.60प्रतिशत, भास्कर वर्मा 94.20 प्रतिशत, दीपक कुमार साहू 92.00 प्रतिशत, गौरव स्वर्णकार 89.60 प्रतिशत व साहिल साहू 87 प्रतिशत रहे।

विद्यालय की इस कामयाबी पर प्राचार्य पवन कुमार ददरया एवं परीक्षा प्रभारी मनीज दास ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे शिक्षकों और छात्रों के परिश्रम का फल बताया। शाला प्रबंधन और विकास समिति के अध्यक्ष संजय राजपूत और अन्य सदस्यों ने भी विद्यालय के परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य और समस्त शाला परिवार को शुभकामनाएं दी। विद्यालय के समस्त स्टाफ, अभिभावकों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने वैभव और अन्य सफल छात्रों को बधाई दी।

## पहला कॉलम...

# महिला सशक्तीकरण पर केंद्र की पहल पर विपक्ष का रवैया निराशाजनक - कैलाश शर्मा



जोंधरा (दावा)। प्रदेश प्रवक्ता भाजपा छत्तीसगढ़ एवं किसान मोर्चा के नेता कैलाश शर्मा ने कहा कि भारत में नारी शक्ति को सदैव मातृशक्ति के रूप में सम्मानित किया गया है और महिलाओं के उत्थान के बिना किसी भी राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई ठोस और प्रभावी कदम उठाए हैं, जिनका सकारात्मक असर देशभर में दिखाई दे रहा है। कैलाश शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि, राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 33 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट की है। इस विधेयक के लिए विशेष सत्र बुलाना सरकार की गंभीरता को दर्शाता है और यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इस महत्वपूर्ण विषय पर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई। उनका यह रवैया लोकतंत्र और देश की आधी आबादी के प्रति असम्मानजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि, विपक्ष महिलाओं को सशक्त करने के बजाय केवल नारों तक सीमित रखना चाहता है, प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने बताया कि, भाजपा महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी इस दिशा में निरंतर प्रयास करती रहेगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर चारभाठा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



डोंगरगढ़/चारभाठा (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर चारभाठा में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा फल निश्चित ही ऐतिहासिक रहा! जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है।वार्षिक परीक्षा परिणाम के इस कार्यक्रम में शिक्षा समिति के अध्यक्ष गिरवर साहू, सचिव हनुमान दास साहू, सह सचिव हेमप्रकाश साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं माँ सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वालित कर एवं दीप वंदना के साथ किया गया। पूजा अर्चना पश्चात स्वागत एवं अतिथियों का उदबोधन हुआ। जिसमे अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा बच्चों को आशीष वचन एवं आने वाले समय मे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों के साथ समस्त भैया बहन, शिक्षक स्टॉफ प्रधानाचार्य नूतन यादव, अजय मसराम, कमलकान्त साहू, मनीषा साहू, कामिनी सिन्हा, पिंकी मंडावी, भावना साहू, दामिनी साहू, उपस्थित थे। विद्यालय के परीक्षा परिणाम के अनुसार, अरुण में इच्छा साहू 94 प्रतिशत, हर्षिता मालेकर 92 प्रतिशत, आरुहि 91 प्रतिशत, उदय में छ्यांशी 96 प्रतिशत, केशव 90 प्रतिशत, निशांक बंजारे 88 प्रतिशत, प्रथम में रिद्धि साहू 96 प्रतिशत, निधी 94 प्रतिशत, कुंजल 91 प्रतिशत, द्वितीय में देवांश मेश्राम 92 प्रतिशत, धनंजय 89 प्रतिशत, भावेश 88 प्रतिशत, तृतीय में विभा देवांगन 94 प्रतिशत, वेदांश 93 प्रतिशत, यस्विनी 91 प्रतिशत, चतुर्थ में सोनम साहू 97 प्रतिशत, गुनिका 90 प्रतिशत, अनन्या 90 प्रतिशत, पंचम में राघवेंद्र 89 प्रतिशत, प्रियंका 86 प्रतिशत, तुषार 85 प्रतिशत, षष्ठम में हिमांशी साहू 93 प्रतिशत, अर्पित 91 प्रतिशत, दिवाशिश सिन्हा 91 प्रतिशत, सप्तम में झलक साहू 94 प्रतिशत, लालीमा साहू 93 प्रतिशत, प्रियांशी 92 प्रतिशत, अष्टम में खुशी देवांगन 97 प्रतिशत, नैतिक साहू 96 प्रतिशत एवं चंद्रप्रकाश सिन्हा ने 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# खाद्य विभाग की योजनाओं से नागरिकों को मिल रहा लाभ

### अवैध धान परिवहन पर की गई सख्त कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत जिले के नागरिकों को व्यापक रूप से लाभान्वित किया गया है। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एवं कस्टम मिलिंग के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कुल 132233 पंजीकृत कृषकों में से धान विक्रय के इच्छुक सभी किसानों से धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके विरूद्ध 124101 कृषकों से 625494.52 मीट्रिक टन धान क्रय किया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत हितग्राहियों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर पात्रता अनुसार राशन कार्ड जारी किए गए। इसके तहत स्थानीय निकायों के माध्यम से 16843 नवीन राशन कार्ड जारी किए गए। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 अंतर्गत जिले को 5618 गैस कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरूद्ध 7119 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। यह लक्ष्य का 126.71 प्रतिशत है। राशन कार्ड सदस्यों की ई-केवाईसी के तहत कुल 264198 राशन कार्डों के 960795 सदस्यों का ई-केवाईसी किया जाना था। इसके विरूद्ध 878374 सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण किया गया, जो लक्ष्य का 91.42 प्रतिशत है।

खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी अवधि के दौरान कोचियों, बिचौलियों एवं अवैध अंतर्राज्यीय धान परिवहन पर विशेष निगरानी रखी गई। इसके अंतर्गत अंतर जिला स्तर पर 172 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 19 वाहन एवं 29223.60 क्विंटल धान जप्त किया गया। इसी प्रकार अंतर्राज्यीय सीमा पर निगरानी के दौरान अवैध परिवहन के 29 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 29 वाहन सहित 4805.70 क्विंटल धान जप्त किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 201 प्रकरण दर्ज करते हुए 48 वाहन एवं 34029.30 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया। इस कार्रवाई से अवैध धान का समर्थन मूल्य पर विक्रय रोका गया। जिससे शासन को लगभग 1 करोड़ 54 लाख रूपए की हानि से बचाया गया।

# हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट




डोंगरगांव (दावा)। हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा के सत्र 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणाम बारहवीं का 91.13 प्रतिशत तथा दसवीं का 92.40 प्रतिशत रहा. कक्षा बारहवीं में 79 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 72 छात्र उत्तीर्ण, 3 पूरक तथा 4 छात्र अनुत्तीर्ण रहे. इसी प्रकार दसवीं में 79 छात्रों में 73 छात्र उत्तीर्ण, 4 छात्र पूरक तथा 2 छात्र अनुत्तीर्ण रहे. कक्षा 12वीं में पायल पटेल कला संकाय 81.8प्रतिशत से संस्था में प्रथम, तनीषा वर्मा बायो 81.06 प्रतिशत लेकर द्वितीय, पूजा कला संकाय 79.8 प्रतिशत लेकर संस्था में तृतीय स्थान प्राप्त किया है. इसी प्रकार 10वीं बोर्ड में शैल शिखा 88.8 प्रतिशत लेकर शाला में प्रथम, रागनी 86 प्रतिशत लेकर द्वितीय तथा भूमिका कुंजाम 80.5 प्रतिशत के साथ तृतीय. संस्था में प्रथम बार व्यावसायिक

**12वीं में पायल पटेल और 10वीं में शैलशिखा शाला में प्रथम**

पाठ्यक्रम आईटी में 20 तथा बैंकिंग में 19 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें सभी छात्र उत्तीर्ण रहे. इस प्रकार संकाय वार 12वीं कला में 93.4 प्रतिशत, बायो में 91 प्रतिशत, गणित में 100 प्रतिशत तथा कॉमर्स में 66 प्रतिशत. दसवीं संस्कृत में 85 प्रतिशत आईटी में 100 प्रतिशत तथा बैंकिंग में 100 प्रतिशत छात्र सफल रहे.

एक सम्मान समारोह में संस्था के प्राचार्य आर के दुबे तथा तहसीलदार विजय कोठारी ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किये छात्रों को फोल्डर तथा कलम भेंट कर तिलक लगाकर सम्मान किया और छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए लक्ष्य बनाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष गणसु कोलियारे, उपसरपंच विजय कोसमा संस्था के व्याख्याता मिलापदास साहू, अखिल पटेल, वीरेंद्र वैष्णव, बसंत यादव, रामकलिंद भूआर्य, कुमन ठाकुर, मृनालिका पांडे, विमलेश्वरी रामटेक, भारती यादव, स्वाती बाला सोनी, मनोज बंजारे, भागवत प्रेमण समस्त स्टाफ ने सफल छात्रों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य के कामना की है.

# अजीज़ पब्लिक स्कूल रामाटोला का बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा



**○ सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम श्रेणी में जगह बनाई**

**○ दसवीं में वैश खान 83.5 प्रतिशत एवं बारहवीं में अरशला खान 81.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया**

डोंगरगढ़ (दावा)। अजीज पब्लिक स्कूल रामाटोला के छात्र छात्राओ ने दसवीं बोर्ड एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराया। इस संस्था का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में वैश खान 83.5 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, सादिल खान 82 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं दुर्गा सिन्हा 81.1प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बारहवीं कक्षा में अरशला खान 81.1 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, अन्नपूर्णा चौधरी 79.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवम् कंचन खोब्रागडे 74.8 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।दसवीं बोर्ड एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सफल हुए सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधक, स्कूल के उप प्राचार्य एवं शिक्षकगण द्वारा बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# सोमनी में 10वीं-2वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

सोमनी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, सोमनी का इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर छात्रों, अभिभावकों एवं शाला परिवार में हर्ष का वातावरण है।

### कक्षा 10वीं (हाई स्कूल) का परिणाम

कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 79 प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 118 छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिनमें 93 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। सफल छात्र-छात्राओं में रूपेश साहू (पिता- दामेश्वर साहू) ने 600 में 537 अंक (89 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यमन साहू (पिता देव आनंद साहू) ने 493 अंक (82 प्रतिशत) प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पूर्वाषी यादव (पिता जागेश्वर लाल) ने 493 अंक (82 प्रतिशत) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 67.43 प्रतिशत रहा। परीक्षा में 140 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिनमें 97 उत्तीर्ण, 11 अनुत्तीर्ण एवं 38 पूरक रहे।

कला संकाय का परीक्षा परिणाम 39.28 प्रतिशत रहा। छात्रा हिमानी (पिता- तोपसिंह) ने 500 में 365 अंक (73 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोनिका सोनकर ने 358 अंक (71.60 प्रतिशत) प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्नयन बघेल (पिता कमलेश) ने 355 अंक (71) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय का परीक्षा परिणाम 100प्रतिशत रहा। सभी 11 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। रंजना पिता दिलीप कुमार ने 410 अंक (82 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तुषार साहू पिता गज्जू साहू ने 389 अंक (77.80 प्रतिशत) प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समीक्षा रात्रे पिता सुदामा रात्रे ने 379 अंक (75.80 प्रतिश) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 86.80 प्रतिशत रहा। 38 में से 35 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कुमारी रोशनी पिता दिलेश्वर ने 452 अंक (90.4 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोनिका चक्रधारी पिता तीजूराम) ने 450 अंक (90 प्रतिशत) प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पायल पिता पोषण लाल ने 425 अंक (85 प्रतिशत) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### वाणिज्य संकाय

वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम 75.60 प्रतिशत रहा। प्रतिमा पिता मोहन ने 359 अंक (71.80 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तानिया कोरे पिता चैनदास ने 353 अंक (70.60 प्रतिशत) प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भानुप्रताप पिता राजेश ने 345 अंक (69 प्रतिशत) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी एवं समस्त शाला परिवार, विद्यालय विकास समिति के पदाधिकारियों ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही विद्यालय एवं ग्राम का नाम रोशन करने पर विद्यार्थियों की सराहना की गई।

# प्रशासन ने ग्राम शिकारीटोला में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण में चलाया बुलडोजर

### शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने पर की गई कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा आज छुरिया तहसील के ग्राम शिकारीटोला में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई। ग्राम शिकारीटोला के चमारराय निषाद द्वारा कुल 8.10 वर्गमीटर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण कर बनाए गए घर को बुलडोजर से तोड़ा गया। इस दौरान अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध कब्जा कर निर्माण नहीं करने की हिदायत दी गई। जिले में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बीपीएस की हिमानी कला संकाय में तहसील में प्रथम



डोंगरगाँव (दावा)। मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र/छात्राओं ने इस वर्ष भी पूरे शहर में अपना परचम लहराते हुये कक्षा 12वीं कला संकाय में शहर में ही नहीं अपितु पूरे तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया.

संस्था के प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय् से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष कक्षा 10वीं में कुल 98 परीक्षार्थी शामिल हुये, जिसमें से 95 उत्तीर्ण हुये. परीक्षा परिणाम 97प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम श्रेणी में 75, द्वितीय श्रेणी में 18 एवं तृतीय श्रेणी में 02 परीक्षार्थी सफल हुए. कक्षा में क्रमशः हर्षिता साहू, पूजा पटेल, लीसा साहू, डिगेश्वर देवांगन और गीतांजली रहे. इसी प्रकार कक्षा 12वीं में गणित संकाय में 12, जीवविज्ञान में 32 एवं कृषि संकाय में 12 एवं कला में 20 कुल 76 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें से 73 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे और परीक्षा परिणाम 96.05प्रतिशत रहा. प्रथम श्रेणी में 57, द्वितीय श्रेणी में 15 और तृतीय श्रेणी में 01 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये. कला, विज्ञान एवं कृषि तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा. संयुक्त रूप से कक्षा बारहवीं में क्रमशः हिमानी रामटेके, स्नेहा राजपूत, लक्की सोनकर ज्योति साहू, कु.सिमरन नेताम व वीणा साहू ने उच्च स्थान प्राप्त किया.

विद्यार्थियों के इस शानदार सफलता पर मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति की शैलजा पाण्डेय् अध्यक्ष, संतोष सागर शर्मा सदस्य, गौरी बाई झाड़े सदस्य, संस्था के संरक्षक संतोष कुमार वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर, कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर, पाली प्रभारी बिरेन्द्र राजपूत, प्रधानपाठक पी.एल.बया, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, गौरव देवांगन, अविनाश दुबे, विवेक अंबादे, तृप्ति देवांगन ने शुभकामना देते हुये छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की.

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर IRS आश्रयों के प्रावधान के लिए ई-निविदा सूचना**

मंडल विद्युत अभियंता (GSU) द्वारा निम्न-लिखित विभिन्न जीएसयू कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्रमांक:** GSU-EL-G-NAG-2026-27-03 दिनांक: 21.04.2026
**कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिकल (G) कार्य से संबंधित: द.पू.म. रेलवे, नागपुर मंडल के NSCB इतवारी, भंडारा रोड, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, छिंदवाड़ा और चांदा फोर्ट स्टेशनों पर IRS आश्रयों का प्रावधान।
**निविदा मूल्य:** ₹ 1,81,62,911/-
**बयाना राशि:** ₹ 3,63,300/-
**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** दिनांक 15.05.2026 के 15:00 बजे तक।
उपर्युक्त निविदा, निविदा दस्तावेज़ आदि की अधिक जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
मंडल विद्युत अभियंता-जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
MS/10-38
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में ट्रैक सर्किटों की विश्वसनीयता बढ़ाने हेतु ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्र.:** ST-MSDAC-Parallel-TC-26 दिनांक: 22.04.2026
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के DKS, SKS और अन्य यार्डों में DC ट्रैक सर्किट के समानांतर MSDAC की व्यवस्था करके विश्वसनीयता में वृद्धि।
**निविदा मूल्य:** ₹ 5,49,84,691/-
**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 10,99,700/-
**समापन अवधि:** 09 (नौ) महीने।
**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दि. 14.05.2026 के 13:30 बजे तक जमा कर सकेंगे। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है ।
वरिष्ठ मंडल S&T अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
MS/11-42
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


सुशासन तिहार 2026
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
सुशासन तिहार 2026
01 मई से 10 जून 2026
गाँव-गाँव, द्वार-द्वार
सुशासन की सरकार
जिला स्तर पर लंबित प्रकरणों, जमीन संबंधी मामलों एवं प्रमाण–पत्र से जुड़ी समस्याओं का निराकरण
ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन
उद्देश्य
समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध समाधान
विकास कार्यों को मिलेगी गति
जन-कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन
पारदर्शिता और जवाबदेही से 'जनकल्याण' होगा सुनिश्चित
संवाद से संपूर्ण समाधान
अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संवाद-47670/46
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# सामान्य सभा में नारी वंदन पर भाजपा द्वारा नगर पालिका परिषद में लाए निंदा प्रस्ताव पर कांग्रेसियों ने देश की महिलाओं को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए सभा का बहिष्कार किया



**0 नगर पालिका परिषद में गुरुवार को सामान्य सभा की बैठक में कांग्रेसियों ने भ्रष्टाचार बंद करो की तख्ती लेकर सदन में पहुंचे**
**0 नगर पालिका परिषद में यह बैठक भाजपा द्वारा नारी वंदन पर निंदा प्रस्ताव लाने आयोजित की गई**
**0 भाजपा के नारी वंदन नींदा प्रस्ताव पर विवाद कांग्रेस ने छोड़ा सदन**

खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक मे कमीशन खोरी एवं भ्रष्टाचार को लेकर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष गिरीजा चंद्राकर को जमकर घेरा एवं नारीवंदन पर नगर पालिका मे लाये निंदा प्रस्ताव पर सदन मे भाजपा द्वारा देश की महिलाओं को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुवे कांग्रेस के पार्षदों ने सदन का बहिष्कार किया।

कांग्रेस पार्षदों ने सदन में तकती लेकर सभा में प्रवेश कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें कमिशन खोरी बंद करो एवं भ्रष्टाचार बंद करो के नारे लिखें हुए थे और सदन के अन्दर जमकर नारे बाजी की। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नेता प्रतिपक्ष दिपक देवांगन, सुमन पटेल, पुरूषोत्तम वर्मा, दिलीप लहरे, शत्रुघन घृतलहरे, टिकेश्वरी पटेल उपस्थित रहे।।

### नारी वंदन प्रस्ताव पर विवाद, हंगामे के बीच कांग्रेस ने छोड़ा सदन

नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक गुरुवार को भारी हंगामे और तीखी राजनीतिक नोकझोंक के बीच संपन्न हुई। बैठक के दौरान विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाते हुए भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष को घेरा और आरोपों पर जवाब मांगा साथ ही देवांगन ने नारी वंदन अधिनियम पर सदन में चर्चा करते हुए कहा कि, नरेंद्र मोदी व भाजपा देश की महिलाओं को वोट बैंक के कारण भ्रमित कर रही है। सितंबर 2023 में देश के दोनों सदनों में महिला विधायक 33 प्रतिशत आरक्षण पर प्रस्ताव पारित हो चुका है जिसे महामहिम राष्ट्रपति के हस्ताक्षर कर अनुमोदन पर लागू किया गया है। जिसके कारण मोदी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव किया जाता है।

बैठक की शुरुआत से पहले ही कांग्रेस पार्षद विरोध के मूड में नजर आए। वे हाथों में तख्तियां लेकर सदन में पहुंचे, जिन पर कमीशनखोरी 'बंद करो' और 'भ्रष्टाचार बंद करो' जैसे नारे लिखे हुए थे।। पार्षदों ने नारेबाजी करते हुए नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया, जिससे कुछ समय के लिए बैठक की कार्यवाही प्रभावित हुई।।

### कांग्रेस पार्षद दिलीप लहरे ने सामान्य सभा की बैठक में गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की

इसी दौरान कांग्रेस पार्षद दिलीप लहरे ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि, बिना शौचालय निर्माण किए बिना लगभग 8 लाख 60 हजार रुपए की राशि निकाल ली गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीसी रोड का निर्माण किए बिना ही करीब 19 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने इन मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए इसे सीधा भ्रष्टाचार करार दिया।

### 'नारी वंदन' को लेकर लाए गए निंदा प्रस्ताव पर सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई

भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस पर देश की महिलाओं को भ्रमित करने का आरोप लगाया, जबकि कांग्रेस पार्षदों ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कड़ा विरोध किया। नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने भी नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर में चार तालाबों के सौंदर्यीकरण को लेकर कलेक्टर के समक्ष आवेदन देने के बावजूद आज तक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि, सत्ता पक्ष के मामलों में त्वरित कार्रवाई होती है, जबकि विपक्ष की शिकायतों को अनदेखा किया जाता है।

### अब शिकायत जेडी ऑफिस और नगरीय प्रशासन को किया जाएगा

वहीं वरिष्ठ पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि पूर्व में वार्ड क्रमांक 6 सहित कई वार्डों में बिना पालिका की जानकारी के स्थल परिवर्तन कर कार्य कराए गए और उनका भुगतान भी किया गया।। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में कांग्रेसी ठेकेदारों को परेशान किया जा रहा है तथा भाजपा पार्षदों व अध्यक्ष द्वारा शिकायत कर मामले को उठाया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है।

### कांग्रेसी पार्षदों ने किया सदन का बहिष्कार, बैठक का वाक आउट किया

विवाद बढ़ने पर कांग्रेस पार्षदों ने सदन का बहिष्कार कर दिया और बैठक से वॉकआउट कर दिया। उनका कहना था कि जब तक भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के मामलों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे इस प्रकार की बैठकों में भाग नहीं लेंगे।

### भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए

नगर पालिका के कार्यों को पारदर्शी बताया और विपक्ष के विरोध को राजनीतिक स्टंट करार दिया। पूरे घटनाक्रम के चलते बैठक हंगामेदार माहौल में संपन्न हुई। नगर पालिका में उठे इन आरोपों ने शहर की राजनीति में हलचल तेज कर दी है, अब आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# सी.जी.पब्लिक स्कूल की दिव्यांशी जिला प्रवीण्य सूची में



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित बारहवीं व दसवी बोर्ड के परीक्षा परिणामों में नगर के प्रतिष्ठित संस्था सी.जी.पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत सफ लता प्राप्त की है. कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम (जीव विज्ञान संकाय) की छात्रा कु.दिव्यांशी मेश्राम ने जिले की टॉपटेन सूची में आठवाँ स्थान तथा तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था एवं नगर का गौरव बढ़ाया है. परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शाला परिवार में खुशी का माहौल बना रहा.

कक्षा दसवीं बोर्ड( अंग्रेजी माध्यम) परीक्षा में कुश कुमार कमरिया स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया. इसी प्रकार टिकेन्द्र साहू द्वितीय स्थान एवं कु.कुमकुम साहू शाला में तृतीय स्थान प्राप्त किया.

इसी प्रकार कक्षा बारहवीं बोर्ड (अंग्रेजी माध्यम) की परीक्षा (गणित संकाय) में कु.तेजस्वनी सिवना प्रथम, कु.सुमान्या साहू द्वितीय एवं विक्रमराज परतेती प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे. इसी प्रकार जीवविज्ञान संकाय से दिव्यांशी मेश्राम प्रथम, भविष्य नेताम द्वितीय एवं कु.निधि सिंह तृतीय स्थान पर रहे. वाणिज्य संकाय से कु.लक्षिता यादव प्रथम, कु. मुस्कान सोनी द्वितीय स्थान एवं मौलेश कुमार सोनी स्कूल में तृतीय पर रहे.

इसी प्रकार हिन्दी माध्यम कक्षा दसवीं परीक्षा में डिलेश्वर धनकर शाला में प्रथम, कु. प्राचीला डेश्वर द्वितीय एवं भेलेश्वर सोनकर तृतीय स्थान पर रहे. कक्षा बारहवीं (हिन्दी माध्यम) गणित संकाय से अभिनव अधिकारी प्रथम, सुमित साहू द्वितीय एवं सौरभ भंडारी तृतीय स्थान पर रहे. इसी प्रकार जीवविज्ञान संकाय कु.प्रीति साहू प्रथम, कु.साक्षी वैष्णव द्वितीय एवं कु.विद्यामुरलीधर साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया. वाणिज्य संकाय से कु.तेजस्वनी सिन्हा प्रथम, कु.अलअमा कौशर द्वितीय एवं कु.मेनका रगड़े तृतीय स्थान पर रहे.

संस्था के सभी सफल विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य एजाज अली हाशमी, रियाज अली हाशमी तथा शिक्षकगण पुनीतराम ठाकुर, सुकाल सिंह साहू, टेमलाल पटेल, अमन शर्मा, मोहम्मद तैय्यब, रमनम पटेल, प्रणव सारस्वत, प्रकाश साहू, प्रकाश कुमार यादव, सबा हाशमी, शर्मिला कुंवर, सुषमा सोनी, स्तुति हरिहारनो, आयुषी गुप्ता, कुमेश साहू, अनिल साहू एवं खिलेन्द्र कुमार द्वारा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है.

# बोरतलाव हाईस्कूल का 95.71 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 98.2 प्रतिशत रहा

**० दसवीं में शिवम बघाड़े ने 88.6 प्रतिशत एवं बारहवीं में तारणी साहू 87.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया**



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम जारी हुआ, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार बघेल द्वारा गुणवत्ता पूर्ण परीक्षा परिणाम की मंशा अनुरूप हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 95.71 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 98.2 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल परीक्षा में टाप टेन की सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों में शिवम बघाड़े 88.6, विभा मारकण्डे 87.5, श्वेता घोघड़े 86.3, महिमा मेश्राम 84.16, लक्की दमाहे 83.8, भविष्य मण्डावी 83, नितिन 80.8, तृषा नंदेश्वर 77.5, एस्तर यादव 77.3 एवं निकिता / राज पडोती ने 77.16 प्रतिशत अंक अर्जित कर टॉप टेन सूची में शामिल रहे।

हायर सेकेंडरी परीक्षा टापटेन में तारणी साहू 87.8, लक्ष्मी यादव 84.6 हाश्मी खान 79.6, एकता घोघड़े / राशि माहुले 78.8, जय कुमार/ प्रणव मेश्राम 78, यामिनी 76.6, मोहिनी 76.2, तिलेश्वर 75.4, अंजलि 75.2, संजना 73.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर टॉप टेन सूची में शामिल रहे। सभी छात्र छात्राओं को शाला विकास समिति के अध्यक्ष सांवत नंदेश्वर, कार्तिक नंदेश्वर, सरपंच कैलाश उइके, अशोक साहू, प्रदीप उजवने प्राचार्य श्रीमती वंदना चौरे, व्याख्याता विद्यानंद डोंगरे, लीना कुजुर, अनिता नारनौरे, द्वारिका मण्डावी, रामेश्वरी परिहार, नारद सिन्हा, अपोल एक्का, शारदा क्षत्रिय, सुदेश चौरसिया, खिलेश्वरी ठाकुर, काजल यादव, संगीता, तांबिका डोमेश्वर साहू प्रकाश, चन्द्रमास साहू एवं समस्त स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट का फैसला: प्रेम-प्रसंग के चलते प्रेमिका एवं पूर्व प्रेमी ने मिलकर की प्रेमी की हत्या

राजनांदगाँव (दावा)। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट, राजनाँदगाँव विजय कुमार साहू द्वारा माह जुलाई 2022 में राजनांदगांव शहर के समीप ग्राम लिटिया में हुई हत्या के मामले के संपूर्ण सुनवाई उपरान्त आज तारीख 30 अप्रेल 2026 को फैसला सुनाते हुये अभियुक्तगण के विरूद्ध आरोप साबित पाये जाने पर अभियुक्तगण (प्रेमी-प्रेमिका) मोमिन वर्मा उर्फ मोना पति स्व. विजय वर्मा, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम लिटिया थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं डिकेश्वर वर्मा पिता रघुवीर वर्मा, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम कोलिहापुरी, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302/34 के तहत् आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा नहीं किये जाने की स्थिति में छः माह का अतिरिक्त कारावास तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 201/34 के तहत् 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा नहीं किये जाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा (दोनों अभियुक्तगणों को) से दण्डित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया।

मामले में छ.ग. शासन की ओर से पैरवी करने वाले जिला लोक अभियोजक राजेश खांडेकर एवं अतिरिक्त लोक अभियोजक, फास्ट ट्रेक कोर्ट अरूण कुमार गुप्ता ने बताया कि, दिनांक 14 जुलाई 2022 की रात्रि 11.30 बजे प्रार्थी शैलेष यदु निवासी ग्राम बागतराई ने थाना लालबाग में हाजिर होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि, दिनांक 14 जुलाई 2022 की रात्रि लगभग 9:45 बजे वह अपने पुराने घर ग्राम बागतराई से ग्राम लिटिया रोड पर बने नये घर में सोने के लिये अपनी पत्नि व बच्चों के साथ पैदल जा रहा था, तभी रोड किनारे खेत पर बने मेड़ के पास एक अज्ञात पुरूष व्यक्ति पड़ा दिखाई दिया। तब शैलेष यदु के द्वारा उक्त व्यक्ति के पड़े होने के संबंध में ग्राम सरपंच अजय वर्मा को फोन पर सूचना दिया। तब ग्राम सरपंच व अन्य ग्रामीण रोड किनारे पड़े उक्त अज्ञात व्यक्ति को देखने आये। उक्त व्यक्ति लगभग 40-45 वर्ष का था, जिसे करीब से देखने पर उसके हाथ से चेहरा ढका था, कान में खून लगा था, हाथों की हथेली पर भी खून लगा था व सिर के पिछले हिस्से पर चोंट का निशान व खून दिखाई दे रहा था जिसकी मृत्यु हो चुकी थी तथा शरीर से बदबू आ रही थी। थाना लालबाग के द्वारा मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया गया। शव की पहचान हिरावन मंडले पिता रामकुमार मंडले, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम लिटिया, थाना लालबाग राजनांदगांव के तौर पर परिजनों के द्वारा की गई। शव निरीक्षण पर मृतक हिरावन मंडले के सिर, चेहरा, नाक में विभिन्न जगहों पर धारदार हथियार से गंभीर चोंट होना पाया गया।

मृतक हिरावन मंडले के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चिकित्सक के द्वारा मृतक की मृत्यु धारदार वजदार हथियार से मृतक के सिर में आई चोंटों व अत्यधिक रक्त स्राव होने से मृत्यु होना बताया गया। अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करने की नियत से मृतक हिरावन मंडले को धारदार वजनदार हथियार से मारकर साक्ष्य छुपाया जाना पाते हुये अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड विधान की धारा 302, 201 के तहत् अपराध दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना में पाया गया कि, मृतक हिरावन का ग्राम की मोमिन वर्मा उर्फ मोना से प्रेम-प्रसंग होना पाया गया। मृतक हिरावन और मोमिन के फोन कॉल रिकार्ड के आधार पर मोमिन वर्मा उर्फ मोना व इसके अन्य प्रेमी डिकेश्वर वर्मा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। अभियुक्तगण मोमिन वर्मा एवं डिकेश्वर वर्मा के द्वारा बताया गया कि, दिनांक 13 जुलाई 2022 की रात्रि मोमिन वर्मा के द्वारा हिरावन मंडले को फोन के माध्यम् से कॉल कर अपने घर बुलाया गया, जहाँ पहले से ही आरोपी डिकेश्वर वर्मा छुपा हुआ था। मृतक हिरावन मंडले रात्रि करीब 10.00 बजे आरोपिया मोमिन वर्मा के घर पहुँचा। उपरान्त योजना के मुताबिक डिकेश्वर वर्मा के द्वारा हिरावन की हत्या करने की नियत से हिरावन के सर पर लोहे के सब्बल से वार किया, तब हिरावन मंडले द्वारा अपना बचाव करते हुये डिकेश्वर वर्मा को जमीन पर पटक दिया तब आरोपिया मोमिन वर्मा ने ईंट एवं हाथ-मुक्के से हिरावन के ऊपर वार किया तथा डिकेश्वर वर्मा के द्वारा हिरावन के चेहरा व सिर पर लोहे के सब्बल से ताबड़तोड़ वार किया, जिससे मौके पर ही हिरावन मंडले की मृत्यु हो गई।

शव को मोमिन वर्मा ने अपने घर पर छिपा कर रख ली व दिनाँक 14 जुलाई 2022 की रात्रि डिकेश्वर वर्मा व मोमिन वर्मा के द्वारा डिकेश्वर की मोटर सायकल के सीट पर बीच में मृतक हिरावन के शव को बिठाकर शव को सूनसान जगह पर फेकने के लिये ग्राम लिटिया से बागतराई रोड पर निकले और ग्राम बागतराई के रोड किनारे हिरावन के शव को फेंक दिये। मृतक हिरावन के चप्पल, मोबाईल फोन को आरोपी डिकेश्वर ने ग्राम कोलिहापुरी की नदी में फेंक दिया। आरोपी डिकेश्वर के द्वारा घटना में इस्तेमाल किये गये मोटर सायकल व कपड़े को अपने घर में छुपा दिया गया था। आरोपिया मोमिन वर्मा ने घटना के समय पहने अपने साढ़ी एवं लाश को ढके बेडसीट को अपने घर के चूल्हे में जला देना बतायी व घटना में उपयोग किये गये ईंट आंगन में पड़ा होना तथा हत्या में उपयोग लोहे के सब्बल को अपने घर के आलमारी के पीछे छिपाकर रखना बतायी। उपरान्त थाना लालबाग के द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुऐ उक्त सामग्री के जप्ती की कार्यवाही की गई। दोनों आरोपीगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा संपूर्ण विवेचना उपरान्त भारतीय दण्ड विधान की धारा 302, 201, 120-बी, 34 के तहत् अभियोग पत्र विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

# सीईओ सुरुचि सिंह ने सुशासन तिहार में होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर की तैयारी की समीक्षा की

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर की तैयारी के संबंध में समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि, सुशासन तिहार अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने कहा। जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तैयार किया गया है। जिसमें शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के आयोजन के लिए जिला स्तरीय अधिकारी, नियंत्रण अधिकारी एवं जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने शिविर में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने कहा । साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को आयोजित होने वाले शिविरों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर स्थल पर आवश्यक सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का विभागवार संधारण नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में की जाएगी। उन्होंने आवेदनों का अध्ययन कर मांग या शिकायत के अनुसार पंजी संधारण करने निर्देशित किया गया। उन्होंने शिविर स्थल पर निराकरण होने योग्य आवेदनों को शिविर स्थल पर ही तत्काल निराकरण करने निर्देशित किया। उन्होंने शिविर के अधिक से अधिक नागरिकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए आयोजित शिविरों का अधिक से अधिक प्रचार करने तथा गांवो में मुनादी कराने कहा।

सीईओ जिला पंचायत ने हर घर सोख्ता गड्ढा अभियान अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में मिशन मोड में कार्य करने कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत नवीन आवासों में अनिवार्य रूप से सोख्ता गड्ढा का निर्माण कराने तथा अन्य ग्रामीणों को भी जागरूक कर आवासों में संरचना बनाने हेतु प्रेरित करें। बैठक में इन्जेक्शन वेल, वाटर रिचार्ज शॉफ, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, सोखता गड्ढा की साफ-सफाई एवं घुलाई के कार्य को गम्भीरता से कराने निर्देशित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका, जनपद पंचायत में पदस्थ मनरेगा, एसबीएम, ब्लॉक समन्वयक जुड़े रहे।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्रयन परीक्षा 10 मई को

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्रयन परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया गया है। परीक्षा तिथि को ओएमआर सीट सुबह 9.30 बजे से सुबह 10 बजे तक भरना होगा तथा प्राक्रयन परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र वेबसाईट द्धह्लह्लश्चह्य्न्द्गम्द्यड्ड14ड्ड.ष्द्द.ठ्ठद्ध.द्बठ्ठ से डाऊनलोड की जा सकती है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव से संपर्क किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में प्रयास आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**बंगाल चुनाव : रिजल्ट से पहले कोलकाता......**

गए मतगणना केंद्र पर पहुंचीं। ममता वहां काफी देर तक रूकी रही। इस दौरान मंत्री फिरहाद हकीम भी वहां पहुंचे, लेकिन उन्हें पुलिस ने अंदर जाने की इजाजत नहीं दी। भाजपा नेता तापस रॉय कहते हैं, हम स्ट्रॉन्ग रूम की देखरेख के लिए दो लोगों को तैनात करेंगे। वे (टीएमसी) बस अफवाहें फैला रहे हैं क्योंकि वे अपनी हार के लिए जमीन तैयार कर रहे हैं। यहां तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है।

**मां, माटी और मानुष की....**

मतदाता पेटी में वोट जब्त हो गए हैं। मैं बहुत निश्चित होकर बोल रही हूं कि जो टीवी पर दिखा रहा है वो सब पैसों का खेल है। मैं स्पष्ट रूप से बोल रही हूं कि 2026 में हम 226 सीटों का आंकड़ा पार करेंगे। लोगों ने जिस तरह वोट दिया है उसके ऊपर मुझे पूरा भरोसा है। भाजपा ने प्रेस के जरिये ये (एग्जिट पोल) कराया है। ये लोग ईडी, सीबीआई के जरिये चमकाते हैं। ममता ने कहा कि अमित शाह के सीधे निर्देश पर पश्चिम बंगाल चुनावों के दौरान केंद्रीय बल भाजपा के एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत सरकरार की पूरी मशीनरी, प्रधानमंत्री-गृह मंत्री से लेकर 19 बीजेपी शासित राज्यों के नेताओं ने बंगाल के लोगों को कब्जाने की कोशिश की। मैं यह बताती हूं कि मतदाता पेटी में वोट जब्त हो गए हैं। मैं बहुत निश्चित होकर बोल रही हूं कि जो टीवी पर दिखा रहा है वो सब पैसों का खेल है। मैं स्पष्ट रूप से बोल रही हूं कि 2026 में हम 226 सीटों का आंकड़ा पार करेंगे। लोगों ने जिस तरह वोट दिया है उसके ऊपर मुझे पूरा भरोसा है। भाजपा ने प्रेस के जरिये ये (एग्जिट पोल) कराया है। ये लोग ईडी, सीबीआई के जरिये चमकाते हैं। सीएम ममता ने कहा, मैं दो दिन से सो नहीं पाई हूं। भाजपा तमात हथकंडे अपनाने के बाद भी लोगों से उनका अधिकार नहीं छीन पाई। यही कारण है कि उन्होंने इसके जरिये (एग्जिट पोल) अंतिम खेल खेला है जिससे हमारे कर्मियों का मनोबल टूट जाए। अगर सच्चाई सामने आई तो शेयर मार्केट धड़ाम हो जाएगा। शेयर मार्केट को सांत्वना देने के लिए ये किया है। यह मेरे को विश्वस्त सूत्रों से पता चला है। पिछले एग्जिट पोल का हवाला देते हुए सीएम ममता ने कहा कि पहले भी 2016 और 2021 में एग्जिट पोल गलत साबित हुए हैं। उन्होंने एग्जिट पोल में बीजेपी के पक्ष में दिखाया है। यह एकतरफा दिखाया है। मैं अपने कर्मियों को बोलूंगी कि आज से ही काउंटिंग के लिए पहरा देना शुरू करें। जरूरत पड़ेगी तो मैं भी अपने इलाके में पहरा दूंगी। ममता ने कहा, एक बात और कहूंगी, सभी लोग शांत रहें और संगठित होकर रहें। दीदी के प्रति और बंगाल के लोगों के प्रति भरोसा रखें। हम अपनी मां, माटी, मानुष की सरकार बनाने जा रहे हैं। हमने आगे भी सरकार बनाई थी और आगे भी हम ही सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा, मैं प्रशासन से कहना चाहूंगी कि आप लोगों ने भाजपा के इशारे पर बहुत काम कर लिया। अब काउंटिंग के दिन किसी पर भी हाथ मत डालना। आप लोगों ने बहुत पीटा है, अब नहीं। बंगाल आप लोगों का नहीं है। बंगाल यहां के मां-माटी, मानुष के लोगों का है। बंगाल के लोग बाहरी लोगों का समर्थन नहीं करते। बूथ में बीजेपी के तो लोग थे नहीं तो उन्होंने सेंट्रल फोर्स के लोगों को इस काम में लगाया। उन्होंने बीजेपी के एजेंट की तरह काम किया। अमित शाह का सीधा हस्तक्षेप इसमें रहा। जब वोटिंग चल रही थी तो प्रधानमंत्री ने क्यों संबोधन किया। क्या वो बंगाल और यहां की मिट्टी को जानते हैं? कवि नजरुल, नेताजी, राजा राम मोहन, विद्यासागर को जानते हैं? वो किसी को नहीं जानते। सिर्फ विरोध में प्रचार करो। जिन लोगों ने बीजेपी से पैसे लिए, उन्होंने बहुत गलत किया, लेकिन याद रखें कि हम आपके साथ कुछ गलत नहीं करेंगे।

**जबलपुर क्रूज हादसा....**

बयान और सामने आए वीडियो में साफ दिख रहा है। तेज तूफान के चलते डैम में ऊंची लहरें उठीं, इसी के चलते क्रूज (नाव) का संतुलन बिगड़ा और हादसा हो गया। रेस्क्यू के दौरान भी मौसम बेहद खराब बना हुआ है। हादसे के समय यहां 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही थी। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक हवा की रफ्तार अगले कुछ घंटों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा भी हो सकती है।


**आज से शुरू होगा सुशासन....**

करेंगे। निरीक्षण के बाद वे प्रेसवार्ता के माध्यम से जानकारी साझा करेंगे और नागरिकों व सामाजिक संगठनों से सुझाव भी लेंगे। जनसम्पर्क विभाग और जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। डिजिटल, प्रिंट और स्थानीय माध्यमों के जरिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा।

**मनमाने हवाई किराये पर सुप्रीम....**

को बताया था कि विमानन मंत्रालय इस मामले पर विचार कर रहा है। 19 जनवरी की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने हवाई किराये में अचानक बढ़ोतरी को लेकर चिंता जताई थी और कहा था कि त्योहारों के समय किराया बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। कोर्ट ने इसे शोषण बताया था और केंद्र व विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से जवाब मांगा था। पिछले साल नवंबर में कोर्ट ने केंद्र, डीजीसीए और हवाईअड्डा आर्थिक नियामक प्राधिकरण को नोटिस जारी किया था।

याचिका में कहा गया कि निजी एयरलाइंस ने बिना किसी ठोस कारण के इकोनॉमी क्लास के लिए मुफ्त चेक-इन बैगेज 25 किलो से घटाकर 15 किलो कर दिया है, जिससे पहले की सेवा को अब कमाई का जरिया बना दिया गया है। याचिका में यह भी कहा गया कि केवल एक बैग की अनुमति और बिना किसी छूट के नई नीति यात्रियों के साथ मनमानी है। इसमें यह भी कहा गया है कि अभी हवाई किराये या अतिरिक्त शुल्क को नियंत्रित करने वाली कोई संस्था नहीं है, जिससे एयरलाइंस मनमाने तरीके से शुल्क वसूल रही हैं।
















दैनिक दावा
मासिक बिल
माह- अप्रैल 2026


| प्रति दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 30 दिन | 4 रू. प्रति | 120/- |
| | योग | 120/- |

व्यवस्थापक


















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com